हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 277, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 1 अप्रैल, 2023 दिन शनिवार | गाजीपुर/वाराणसी

## अग्निकांड का राजनीतिकरण न करें क्षति पर होगा विचार : बृजेश पाठक

### हमराज मार्केट अग्निकांडः डिप्टी सीएम निरीक्षण के दौरान बोले ये घटना दुखद

कानपुर। कानपुर में बांसमंडी, हमराज मार्केट के बगल में एआर टॉवर में भीषण आग लग गई। देर रात हुए हादसे में आग ने विकराल रूप ले लिया। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं। लगभग छह घंटे से टॉवर जल रहा है। इस हादसे में पांच कॉम्प्लेक्स आग से तबाह हो गए हैं। एक अनुमान के मुताबिक 10 अरब से ज्यादा की क्षति हुई है। बता दें कि ये यूपी का सबसे बड़ा रेडीमेड होलसेल बाजार है। दमकल कर्मियों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास अभी भी जारी हैं। मौके पर कानपुर कमिश्नर मौजूद हैं। अगल-बगल के जनपदों से भी मदद ली जा रही है। पुलिस के अनुसार, हवा की वजह से आग बुझाने में दिक्कत आ रही है। एयरफोर्स, आर्मी, सीओडी, ऑर्डिनेंस की गाड़ियां भी मौके पर आ चुकी हैं। जल्द ही आग पर काबू पाने की संभावना है। एआर टॉवर में दो दर्जन से अधिक रेडीमेड कपड़ों की होलसेल दुकानें हैं। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट से लगी जो धीरे-धीरे भड़कते हुए पूरी बिल्डिंग में फैल गई। पुलिस का कहना है कि आग लगने के कारणों





की विस्तृत जांच की जाएगी। कानपुर, उन्नाव और लखनऊ समेत कई जिलों की 50 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं। डीएम और पुलिस कमिश्नर ने सेना के अफसरों से संपर्क किया है। मौके पर आग बुझाने के लिए सेना की गाड़ियां भी पहुंच गई हैं। कानपुर पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड, जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी और डीएम मौके पर मौजूद हैं। एयरफोर्स, आर्मी, सीओडी आदि के अधिकारी और गाड़ियां भी मौके पर पहुंच चुकी हैं। बांसमंडी इलाके में लगी आग की सूचना पर डिप्टी डायरेक्टर फायर अजय कुमार गुप्ता, लखनऊ भी मौके पर पहुंच गए हैं। उनके साथ हाइड्रोलिक फायर ब्रिगेड आई है। बता दें कि हाइड्रोलिक प्लेटफार्म गाड़ी कानपुर में तीन साल से खराब पड़ी है। इससे पहले भी एक गाड़ी आई थी, वो भी खड़े-खड़े बेकार हो गई।

**सर्च ऑपरेशन के लिए पहुंची फायर विकेट**– बताया जा रहा है कि पान मसाला दुकानदार ज्ञान चंद उर्फ छोटू साहू एआर टॉवर के अंदर सो रहा था। आग लगने के बाद से वो लापता है, जिससे परिजन परेशान हो रहे हैं। वहीं, सर्च ऑपरेशन के लिए फायर विकेट की टीम भी पहुंच गई है।

**सपा अध्यक्ष बोले– भाजपा सरकार व्यापारियों का दे मुआवजा**– अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कानपुर आग पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि कपड़ा मंडी में लगी आग पहले से ही नोटबंदी, जीएसटी के छापों और मंदी की मार झेल रहे व्यापारियोंके लिए आर्थिक व मानसिक रूप से एक और गहरी मार है। उप्र भाजपा सरकारव्यापारियों को हुई हानि का तत्काल आकलन कर सच्चे मुआवजे की तुरंत घोषणा करे। साथ ही दमकल की क्षमता का भी आकलन होना चाहिए।

**आग पर पाया गया काबू**– जिलाधिकारी कानपुर विशाख जी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। आग पर पूरी तरह काबू पाने के लिए हमारी योजना सफल रही है। उन्होंने बताया कि रेडीमेड कपड़ा बाजार में आग लगने की विस्तृत जांच की जाएगी। साथ ही, नुकसान का आकलन भी कराया जाएगा।

**अग्निकांड का राजनीतिकरण न करें: उप मुख्यमंत्री**– अनवरगंज में एआर टावर समेत पांच इमारतों में आग लगने की घटना का निरीक्षण करने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक कानपुर पहुंचे। उनका ये औचक दौरा रहा। मुख्यमंत्री ने पांचों टावर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा ये दुखद घटना है और इसका राजनीतिकरण करना ठीक नहीं।

**व्यापारियों की क्षति पर होगा विचार**– उप मुख्यमंत्री ने कहा की सरकार व्यापारियों के साथ है। हम इस पर आंकलन करेंगे कि उनकी कितनी क्षति हुई है। उसके बाद सरकार विचार करेगी कि इसमें व्यापारियों की कैसे मदद की जा सकती है। उन्होंने कहां की प्रशासन से वास्तविक क्षति को लेकर जांच कराई जाएगी और उसे कागजों में अंकित कर सरकार के सामने रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## नितिन, हिमांशु, कल्पना व दीपक सहित 10 अपर मुख्य सचिव बने, डीएस चौहान को मिला डीजीपी का पे स्केल

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने 1990 बैच के 10 आईएएस अधिकारियों को प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति दे दी है। नौ अधिकारी वर्तमान में शासन स्तर पर विभिन्न विभागों के मुखिया हैं। अर्चना अग्रवाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात हैं। 1990 बैच के आईएएस अधिकारियों की पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक गत मंगलवार को मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में हुई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंजूरी के बाद शुक्रवार को इनकी पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए गए। करीब ढाई वर्ष के लंबे इंतजार के बाद इन अफसरों को पदोन्नति मिल सकी है। इन्हें मुख्य सचिव के बराबर नियत वेतनमान 2.25 लाख रुपये (सातवें वेतन आयोग के पे-मैट्रिक्स में लेवल-17) में पदोन्नति दी गई है। शासन में तैनात सभी नौ अधिकारियों ने अपर मुख्य सचिव के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात होने की वजह से अर्चना अग्रवाल को प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है।

**ये अब अपर मुख्य सचिव**

- नितिन रमेश गोकर्ण, अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन
- हिमांशु कुमार, अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास
- कल्पना अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल



- रजनीश गुप्ता, अपर मुख्य सचिव राजनैतिक पेंशन एवं नागरिक सुरक्षा
- दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव बेसिक व माध्यमिक शिक्षा
- जितेंद्र कुमार, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन
- डा. सुधीर महादेव बोबडे, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा
- अनीत सिंह, अपर मुख्य सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन
- सुधीर गर्ग, अपर मुख्य सचिव राजस्व

**डीएस चौहान को सेवानिवृत्ति से एक दिन पहले मिला डीजीपी का वेतनमान**– राज्य सरकार ने कार्यवाहक डीजीपी डीएस चौहान को सेवानिवृत्त होने से एक दिन पहले डीजीपी का वेतनमान देने का आदेश जारी कर दिया। उनको कार्यवाहक डीजीपी बनने की तिथि 12 मई 2022 से इसका लाभ मिलेगा। वहीं सेवानिवृत्त होने के बाद डीजीपी के वेतनमान के मुताबिक पेंशन व अन्य भत्ते देय होंगे। गृह विभाग के सचिव बीडी पाल्सन ने उनको पे-मैट्रिक्स लेवल-17 (रुपये 2,25,000) प्रदान करने का आदेश जारी कर दिया है।

## हाईकोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार से पूछा, क्या सरकारी फंड से मदरसों में धार्मिक शिक्षा दी जा सकती है...?

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि क्या सरकारी धन धार्मिक शिक्षा दी जा सकती है? ऐसा करना क्या अनुच्छेद 14, 25, 26, 29 व 30 का उल्लंघन नहीं है? कोर्ट ने केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के सचिव व राज्य सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग से छह हफ्ते में जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति डीके सिंह ने जौनपुर के मदरसा अध्यापक एजाज अहमद की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने याची को नियुक्ति तिथि से वेतन भुगतान करने का भी निर्देश दिया है। मामले के अनुसार एजाज अहमद जौनपुर के सुदनीपुर इलाके में संचालित होने वाले मदरसा समदानियां इस्लामिया के शिक्षक है। वेतन से जुड़े विवाद को लेकर उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।इनका कहना है कि मदरसे को सरकारी फंड मिल रहा है फिर भी उसे वेतन नहीं दिया जा रहा है।

## युवती को पार्क से जबरन उठाकर कार में ले गए आरोपी, रातभर किया दुष्कर्म, सभी गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि चार युवकों ने एक युवती के साथ चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**पार्क से घसीटकर कार में ले गए आरोपी**– सामूहिक दुष्कर्म का ये मामला 25 मार्च की रात का बताया जा रहा है। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, युवती कोरमंगला में स्थित नेशनल गेम्स विलेज पार्क में बैठी हुई थी। तभी रात के 10 बजे कुछ युवक उसे जबरन अपनी गाड़ी में ले गए। आरोप है कि चलती कार में युवकों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

**आरोपियों ने दी पीड़िता को धमकी**– पुलिस ने बताया कि 26 मार्च की सुबह आरोपी पीड़िता को उसके घर के पास छोड़ गए।




आरोपियों ने युवती को धमकी दी कि अगर उसने पुलिस को कुछ बताया तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। पुलिस ने आगे कहा कि घटना के बाद पीड़िता ने अपना इलाज कराया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

**मामले की जांच जारी**– एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम मामले की जांच कर रहे हैं। चारों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

## नाबालिग से यौन उत्पीड़न के दोषी को 20 साल की सजा, डेढ़ लाख का जुर्माना भी लगा

पलक्कड़। केरल की एक अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में शख्स को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर डेढ़ लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। बताया जा रहा है कि दोषी शख्स ने नाबालिग से सोशल मीडिया पर दोस्ती की थी। जिसके बाद उसने कई बार नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। पट्टांबी फास्ट्र ट्रैक स्पेशल कोर्ट के जज सतीश कुमार ने शख्स को दोषी ठहराते हुए उसे 20 साल की सजा सुनाई। दोषी के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत केस दर्ज किया गया था। कोर्ट ने कहा कि जुमार्ना राशि वसूल होने पर ये पीड़िता को दी जाएगी।

## पीएम मोदी की डिग्री दिखाने से जुड़ा आदेश रद्द अरविंद केजरीवाल पर 25000 रुपये का जुर्माना

अहमदाबाद। गुजरात हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री दिखाने से जुड़े एक आदेश को खारिज कर दिया है। दरअसल, मुख्य सूचना आयोग (सीआईसी) ने अपने आदेश में पीएमओ के जन सूचना अधिकारी (पीआईओ), गुजरात विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के पीआईओ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री का विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। इस आदेश को एकल-न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव ने रद्द कर दिया है। कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल पर 25,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। यह रकम अरविंद केजरीवाल को गुजरात राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के पास जमा करवानी होगी। इससे पहले केंद्रीय सूचना आयोग ने 2016 में दिल्ली और गुजरात विश्वविद्यालय को निर्देश दिया था कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री की जानकारी उपलब्ध करवाए। केजरीवाल ने पीएम के डिग्री प्रमाण पत्र का विवरण मांगा था। कोर्ट ने कह कि इसकी कोई जरूरत नहीं है। फैसले के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि क्या देश



को ये जानने का भी अधिकार नहीं है कि उनके पीएम कितना पढ़े हैं? कोर्ट में इन्होंने डिग्री दिखाए जाने का जबरदस्त विरोध किया। क्यों? और उनकी डिग्री देखने की मांग करने वालों पर जुमार्ना लगा दिया जायेगा? ये क्या हो रहा है? अनपढ़ या कम पढ़े लिखे PM देश के लिए बेहद खतरनाक हैं।

## अतीक के भाई अशरफ को फिर प्रयागराज ले जाने की तैयारी, पुलिस टीम पहुंची बरेली

बरेली। बरेली जेल में बंद पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ को फिर प्रयागराज ले जाने की तैयारी है। उमेश पाल हत्याकांड में अशरफ को भी साजिश रचने का आरोपी बनाया गया है। इस मामले में प्रयागराज पुलिस को बरेली जेल से अशरफ को ले जाने की अनुमति वहां के सीजेएम कोर्ट से 28 मार्च को ही मिल गई थी। प्रयागराज पुलिस सीजेएम कोर्ट में पेशी कराकर अशरफ का ज्यूडिशियल रिमांड मांगेगी।

ज्यूडिशियल रिमांड मंजूर होते ही पुलिस पूछताछ के लिए अशरफ को अपनी कस्टडी में मांगेगी। बताया जा रहा है कि प्रयागराज पुलिस पूछताछ के लिए अशरफ का 14 दिनों का कस्टडी रिमांड मांग सकती है। उमेश पाल हत्याकांड के तार बरेली जेल में बंद अशरफ से जुड़े मिले हैं। प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या से पहले अशरफ के गुर्गों ने बरेली



आकर उससे जेल में मुलाकात की थी। इधर, इस मामले में प्रयागराज पुलिस की टीम शुक्रवार को बरेली पहुंच गई। अशरफ को कड़ी सुरक्षा में प्रयागराज ले जाया जाएगा। 27 मार्च को प्रयागराज पुलिस अशरफ को बरेली जेल ले गई थी। उमेश पाल के अपहरण मामले में उसे एमपीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। इस मामले में कोर्ट ने उसे बरी कर दिया। उस दिन अशरफ को प्रयागराज ले जाने के लिए जब बरेली जेल से बाहर निकाला गया तो उसका चेहरा खौफजदा था। प्रयागराज से लौटने पर अशरफ ने कहा था कि एक अधिकारी ने उसे धमकी दी है कि अभी बच गए हो, जेल से दो सप्ताह बाद निकालकर उसकी हत्या कर दी जाएगी। जेल में हत्या की आशंका को उसने बेबुनियाद बताया। उसने कहा था कि जेल में फिलहाल मुझे कोई खतरा नहीं है, जेल के बाहर खतरा है।

## बारिश से फसलों को भारी नुकसान, गांवों में छाया अंधेरा और यातायात भी प्रभावित, अब ओलावृष्टि के आसार

मेरठ। पश्चिमी यूपी के मेरठ समेत अन्य जिलों में आंधी और बारिश से जहां फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है तो वहीं सैकड़ों गांवों की बत्ती गुल हो गई है। ऐसे में गुरुवार रात को गांवों में अंधेरा छाया रहा। उधर, फसलों को नुकसान होने से किसान भी चिंता में हैं। मेरठ शहर से लेकर देहात तक कई जगह बिजली के खंभे और पेड़ टूट गए। इससे पूरे शहर की बिजली गुल हो गई। शाम साढ़े छह बजे से रात दस बजे तक आपूर्ति बाधित रही। बेगमपुल पर खंभा टूट गया और दिल्ली रोड पर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की रोड पर पेड़ गिर गया। मवाना रोड सैनी पुल के पास रोडवेज बस पर यूनिपोल गिर गया। कुछ यात्री मामूली रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मवाना रोड पर करीब घंटेभर जाम रहा। गंगानगर पुलिस ने रूट डायवर्ट करते हुए मवाना की ओर जाने वाले वाहनों को किला परीक्षितगढ़ मार्ग से निकाला गया। वहीं 33 केवी और 11 केवी की लाइन में शास्त्रीनगर के ब्लॉक, एल ब्लॉक, लोहियानगर, जयभीम नगर, कंकरखेड़ा, विकासपुरी समेत कई क्षेत्रों में फाल्ट हो गए। विकासपुरी में सात बजे लाइट गई और देर रात तक नहीं आई। हापुड़ रोड पर 11 केवी के फीडर में फाल्ट होने के कारण शाम छह बजे से देर रात तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। क्षेत्र में बार-बार बिजली आती जाती रही, जिस कारण उपभोक्ताओं को भी परेशान होना पड़ा। कंकरखेड़ा, साकेत, सूर्या नगर, प्रभातनगर क्षेत्र में भी शाम साढ़े छह बजे के बाद लाइट गई जो कि देर रात तक नहीं आ पाई। करीब पांच घंटे से भी अधिक समय पर यहां बिजली गुल रही। सहारनपुर में गुरुवार शाम अचानक मौसम बदल गया। धूल भरी आंधी ने लोगों को घरों में घुसने को मजबूर कर दिया। इस के कारण बाजारों से ग्राहकों की भीड़ भी छंट गई। मौसम विभाग ने भी जनपद में शुकवार और शनिवार को बारिश होने की संभावना जताई है।

## आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे ने पुलिस पर लगाया सिंगर समर सिंह व संजय सिंह को बचाने का आरोप

### जनसत्ता दल के जिला अध्यक्ष राजन त्रिपाठी ने कहा आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द नहीं हुई तो जनसत्ता दल करेगा बड़ा आंदोलन

प्रखर वाराणसी। भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की मौत का मामला गरमाता नजर आ रहा है। एक तरफ जहां पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने इस घटना को खुदकुशी बताया वहीं अभिनेत्री की मां ने यह आरोप लगाया की साजिश के तहत मेरी बेटी की हत्या की गई है। वही शुक्रवार को आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे अपने परिजनों के साथ सारनाथ थाने पहुंचीं। मधु दुबे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए थाने के सामने ही धरने पर बैठी हैं। आरोप लगाया कि एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नही हुई है। आकांक्षा की मां ने कहा अभी तक गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। वीडियो में साफ दिख रहा है कि मेरी बेटी की हत्या हुई है। मेरी बेटी को थप्पड़ मारा है। क्या कानून की आंखें फूट गई हैं। तुम लोगों की बेटी भी ऐसे ही जाएगी।समर सिंह का क्या बिगाड़ा था मेरी बेटी ने।वहीं इस पूरे मामले में स्थानीय नेता भी आकांक्षा दुबे



की मां के साथ पहुंचे। जनसत्ता दल के जिला अध्यक्ष राजन त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस प्रशासन किया लचर कार्रवाई है कि घटना के इतने दिन बाद भी एक भी गिरफ्तारी नहीं हो पाया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आकांक्षा दुबे को न्याय नहीं मिला और आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द नहीं हुई तो जनसत्ता दल बड़ा आंदोलन करेगी।बता दें कि आकांक्षा दुबे आत्महत्या मामले में भोजपुरी सिंगर समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह पर प्रताड़ना करने का आरोप लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। वाराणसी कमिश्नरेट की पुलिस टीम और क्राइम ब्रांच की टीम समर सिंह और संजय सिंह को गिरफ्तार करने के लिए आजमगढ़, गाजीपुर, गोरखपुर, पटना और महाराष्ट्र तक आरोपियों के संभावित ठिकाने पर दबिश दे रही है। वहीं सूत्रों के अनुसार खबर है कि आरोपियों के विदेश भाग जाने की आशंका पर पुलिस प्रशासन की टीम लुक आउट नोटिस जारी किए जाने की तैयारी में है।

## हावड़ा में लगातार दूसरे दिन हुई हिंसा ममता बनर्जी ने भाजपा पर लगाया आरोप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि रामनवमी पर औद्योगिक शहर हावड़ा में हुई हिंसा के लिए भाजपा और अन्य दक्षिणपंथी संगठन जिम्मेदार हैं। उन्होंने लोगों से क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की। वहीं, रामनवमी पर आगजनी के एक दिन बाद हावड़ा के शिबपुर इलाके में ताजा हिंसा की तस्वीरें सामने आई हैं।इलाके में हिंसा के बाद भारी सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। बनर्जी ने बांग्ला टेलीविजन समाचार चैनल एबीपी आनंद से कहा कि हावड़ा की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हावड़ा में हुई हिंसा के पीछे न तो हिंदू थे और न ही मुसलमान। भाजपा बजरंग दल और ऐसे अन्य संगठनों के साथ हिंसा में शामिल थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उन सभी की मदद करेगी जिनकी संपत्तियों को झड़पों में नुकसान पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हावड़ा में गुरुवार को हुई हिंसा के सिलसिले में 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रशासन के एक वर्ग में ढिलाई बरतने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि झड़प में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि रामनवमी के मौके पर दो गुटों में मारपीट हो गई थी। पुलिस ने कहा




कि कई वाहनों को आग लगा दी गई और इलाके में स्थित दुकानों में तोड़फोड़ की गई। रामनवमी के दौरान दो समूहों के बीच संघर्ष देखने वाले जिले के काजीपारा क्षेत्र में और उसके आसपास की स्थिति शुक्रवार को शांतिपूर्ण और नियंत्रण में रही क्योंकि शुक्रवार को इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

## संपादकीय

# भाषाई विद्वेष

यह मुद्दा जब-तब सिर उठाता देखा जाता है। ताजा मामला तमिलनाडु में दही के पैकेट पर प्रमुखता से दही लिखे जाने के निर्देश को लेकर उठा है। वहां के मुख्यमंत्री ने अपने ट्विटर पर लिखा है कि इस तरह हमारे ऊपर हिंदी थोपने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कर्नाटक मिल्क फेडरेशन को निर्देश दिया है कि दही के पैकेट पर प्रमुखता से दही मुद्रित किया जाए। इसी को लेकर विवाद छिड़ गया है। अब सुझाव आए हैं कि तमिल में दही के पर्यायवाची को कोष्ठक में लिखा जाना चाहिए। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने इस सुझाव को स्वीकार कर लिया है। मगर मुख्यमंत्री के ट्वीट से एक बार फिर हिंदी और दक्षिण की भाषाओं के बीच विद्वेष की चिंगारी फूट पड़ी है। हालांकि हिंदी को लेकर दक्षिण में अस्वीकार की भावना को शांत या सहज करने की कोशिशें बहुत हो चुकी हैं, खूब सारे तर्क दिए जा चुके हैं, मगर जो लोग इसे सियासी रंग दिए रखना चाहते हैं, उनके सामने सारे तर्क बेमानी हो जाते हैं। ताजा विवाद भी उसी राजनीतिक नजरिए का नतीजा है। अब दुनिया जिस तरह संकुचित हो चुकी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कारोबार आदि वजहों से लोगों की देश के विभिन्न हिस्सों में आवाजाही बढ़ी है। महानगरों में बड़े पैमाने पर दूसरे प्रांतों के लोग जाकर बसने लगे हैं, बस गए हैं, उसमें भाषा संबंधी ऐसी संकीर्णता मायने नहीं रखती। वैसे भी जहां तक हिंदी की बात है, बेशक उसे राष्ट्रभाषा के तौर पर देश के सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य न बना दिया गया हो, पर इस हकीकत से आंख नहीं चुराई जा सकती कि हिंदी के बिना भारत में काम नहीं चल सकता। कोई भी कारोबारी अब यह नहीं कह सकता कि वह केवल अपनी मातृभाषा में कारोबार करेगा, हिंदी का सहारा बिल्कुल नहीं लेगा। पर्यटन उद्योग से जुड़े लोग भी ऐसी जिद नहीं पाल सकते। पालते भी नहीं। दक्षिण के राज्यों में हिंदीभाषी लोग बड़ी सहजता से अपनी भाषा में बात रख लेते हैं, वहां के लोग उनकी बात समझ भी लेते हैं। इस सच्चाई से वहां के राजनेता और प्रशासक भी अपरिचित नहीं। फिर यह समझना मुश्किल है कि वे ऐसे भाषा-विद्वेष को जिंदा ही क्यों रखना चाहते हैं। यह ठीक है कि कोई भी भाषा अपनी संस्कृति की वाहक और संरक्षक होती है, उसे विकृत करने की कोशिशों का विरोध होना ही चाहिए। मगर भाषाई खुलेपन की वजह से अगर कारोबारी विस्तार हो रहा हो, तो ऐसी जिद भी नहीं पाली जानी चाहिए। फिर भाषाएं चुपके से अपनी सहवर्ती भाषाओं से न जाने कितने शब्द, मुहावरे, प्रतिमान ग्रहण कर अपने को समृद्ध करती रहती हैं, उनके इस सहज स्वभाव में राजनीतिक अवरोध भी क्यों पैदा किया जाना चाहिए। भारतीय भाषाओं के बीच जितना विपुल अनुवाद होता है, उतना दुनिया की किन्हीं और भाषाओं के बीच नहीं होता। इस तरह बहुत सारे शब्दों का एक-दूसरे में समावेश होता चलता है। स्वाभाविक ही इससे भारतीय संस्कृति की एकसूत्रता मजबूत होती है। फिर इस बात को लेकर झगड़ा ही क्यों होना चाहिए कि किस भाषा में दूध, दही या किसी और वस्तु को क्या कहते हैं। बहुत सारे उत्पादों के नाम विदेशी भाषाओं से लिए गए हैं, मगर इससे तो कभी किसी ने ऐसा महसूस नहीं किया कि उस भाषा की संस्कृति हमारे ऊपर थोप दी गई है।

## पत्थरबाजी - गुंडागर्दी!



अराजकता ठीक नहीं ।
करने देना काम ।।
पत्थरबाजी - गुंडागर्दी ।
है करती बदनाम ।।
समय का उपयोग कर ।
चुन लो नई राह ।।
जीवनशैली लोगों का ।
क्यों करते तबाह ?
ना ऐसे चलेगा ।
समय बचा है अल्प ।।
रचनात्मकता से ही ।
है मिलता विकल्प ।।
बेवजह की बातों को ।
क्यों देते हैं तूल ?
भटका कर के इधर उधर ।
हो रही है भूल ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# नदियों को जोड़ने की हकीकत

देश की अड़तीस नदियां सर्वाधिक प्रदूषित मानी गई हैं। उनके पानी में प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक है। बेतवा नदी भी उनमें शामिल है। भोपाल के नजदीक रायसेन जिले के छोटे से गांव झिरी की विंध्य पहाड़ियों से निकली बेतवा अपने उद्गम स्थल से चंद किलोमीटर की दूरी पर ही गंदे नाले में तब्दील हो जाती है। नदियां जीवनदायिनी हैं। मगर अत्यधिक बारिश के बाद भी शीत ऋतु के दौरान ही नदियों का सूख जाना भविष्य में नदियों के समाप्त हो जाने का पूर्व संकेत है। नदियों के किनारे भले धार्मिक स्मारक खड़े हैं, जनता जल का आचमन भी करती है, मगर समाज और सरकार ने नदियों को गंदगी समेटने, रेत खनन और कृषि सिंचाई जल स्त्रोत से अधिक की मान्यता नहीं दी है।

संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिर्पोट बताती है कि विश्व की छब्बीस फीसद आबादी तक सुरक्षित पेयजल की पहुंच नहीं है। पूरे विश्व के सामने जलवायु परिवर्तन से पर्यावरण को बचाना और मानवाधिकार के रूप में आबादी को शुद्व पेयजल उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती है। इस रिर्पोट पर भारत को गंभीर चिंतन-मनन करने की जरूरत है। देश में जल स्त्रोतों की हो रही कमी और घटते भूजल स्तर को देखते हुए नदियों को जोड़ने की परिकल्पना की गई है। मगर इसमें पर्यावरण को भारी नुकसान और पेयजल का सुरक्षित न रह पाना, परियोजना के औचित्य पर सवालिया निशान लगाता है। नदियों को आपस में जोड़ने की लगभग तीस योजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें बेतवा-केन जोड़ परियोजना महत्त्वपूर्ण। जून 2021 में इसकी आधारशिला रखी गई। मगर दो साल बाद पर्यावरणविदों की निरंतर चेतावनियों के बाद मध्यप्रदेश सरकार खुद संशय में है कि यह परियोजना वास्तविकता में परिवर्तित हो भी पाएगी या मिथक ही साबित होगी।

मध्यप्रदेश से निकल कर उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में युमना में मिलने वाली बेतवा और केन नदी को जोड़ कर दोनों राज्यों की बारह लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचित करने के साथ बुंदेलखंड को पानीदार बनाने की बात कही गई है। इसका अधिकतम खर्च केंद्र सरकार को उठाना है, इसलिए राज्यों ने इसके अच्छे और बुरे प्रभावों पर बहुत अधिक अध्ययन भी नहीं किया है। देश की अड़तीस नदियां सर्वाधिक प्रदूषित मानी गई हैं। उनके पानी में प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक है। बेतवा नदी भी उनमें शामिल है। भोपाल के नजदीक रायसेन जिले के छोटे से गांव झिरी की विंध्य पहाड़ियों से निकली बेतवा अपने उद्गम स्थल से चंद किलोमीटर की दूरी पर ही गंदे नाले में तब्दील हो जाती है। नदी के उद्गम के पास स्थापित मंडीद्वीप औद्योगिक परिसर से इतना अधिक रासायनिक कचरा बेतवा में डाला जा रहा है कि अपने पहले ही पड़ाव, विदिशा, पर यह नदी एक गंदे नाले में बदल जाती है। विदिशा नगरपालिका छह अलग-अलग नालों के जरिए बगैर शोधन किए गंदगी इसमें मिलाती है, जिससे नदी में घुलनशील कार्बन डाइआक्साइड की मात्रा अपने खतरनाक स्तर को पार कर चुकी है। उद्गम से कुछ ही किमी की दूरी पर बेतवा जल का पीएच मान 6.5 के तय मानक से बहुत अधिक, 9.03 हो चुका है। नदी में मिलने वाला चोरघाट नाला, जो विदिशा सहित राजधानी भोपाल का निस्तार लेकर आता है, नदी से बेरोक-टोक मिलता है।



कारखानों के खतरनाक रसायनों और त्योहारों के दौरान मूर्ति विर्सजन से नदी में जलचरों का जीवन ही समाप्त हो चुका है। नदी के प्रवाह क्षेत्र में प्रत्येक दस-बीस किमी की दूरी पर निस्तार की गंदगी को समेटती यह नदी आगे बढ़ती, जहरीली बनती जाती है। पारीछा ताप बिजलीघर की चपेट में आकर इस नदी में मशीनों का ग्रीस, तेल और राख मिल कर पानी को इतना जहरीला बना देते हैं कि नदी किनारे के गांवों के पशुपालक नदी के पानी को जानवरों के पीने लायक भी नहीं मानते हैं। नदी के अस्तित्व के संकट को विदिशा के पास हलाली नदी का बांध अपने पानी से नदी की टूटती सांसों को समय-समय पर जीवनदान देता रहता है। इस जहरीले नदी जल को केन-बेतबा जोड़ परियोजना के माध्यम से केंद्र सरकार सूखे से बेहाल बुंदेलखंड की प्यास बुझाने की उम्मीद जगा रही है। सन 2005 में केन-बेतवा नदी जोड़ परियोजना की राज्य शासन द्वारा प्रेषित डीपीआर रिर्पोट में बेतवा नदी के उद्गम के पास मकौडिया गांव में नदी पर बांध निर्माण द्वारा बेतवा में जल के प्रवाह को निरंतर रखने की योजना सम्मिलित थी।

इस बांध के माध्यम से विदिशा और रायसेन जिलों के एक सौ चालीस गांवों में पेयजल के साथ बासठ हजार दो सौ तीस हेक्टेयर भूमि भी सिंचित करने का प्रस्ताव था। मगर मध्यप्रदेश सरकार ने डूब क्षेत्र अधिक बता कर मकौडिया बांध निर्माण को योजना से अलग कर दिया है। इस संशोधन के बाद योजना में पेयजल की शुद्धता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। नदी के अंतिम सिरे पर हमीरपुर तक अवैध रेत खनन, नदी किनारों के जंगल को काट कर भूमि पर अतिक्रमण, कंक्रीट के अवैध जंगलों का बेहताशा निर्माण, नदी के बचे अस्तित्व को नष्ट करने की पटकथा लिख चुका है। केन-बेतवा जोड़ परियोजना के तहत पूरे परियोजना क्षेत्र में पचास लाख वृक्ष काटे जाने हैं। इसमें अकेले पन्ना टाइगर रिर्जव क्षेत्र के तेईस लाख वृक्ष काटे जाएंगे। वन क्षेत्र की 6017 हेक्टेयर भूमि भी बांध के डूब क्षेत्र में है, जबकि परियोजना के अंतर्गत दौधन बांध से नौ हजार हेक्टेयर भूमि को डूबना है। दौधन बांध से 220.2 किमी लंबी नहर से केन नदी का पानी वरुआ सागर में बेतवा में छोड़ा जाना है। इस जोड़ के माध्यम से बासठ लाख लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने का सपना है। इसी खुली नहर के पानी का सिंचाई में भी उपयोग होना है। कृषि में इस्तेमाल रसायनों और कीटनाशकों से प्रदूषित नहर जल को उस बेतवा नदी में डाला जाना है, जिसे पहले ही नालों ने जहरीला बना दिया है। यह प्रदूषित नदी पेयजल के रूप में बुंदेलखंड की कैसे प्यास बुझाएगी? यह योजना पर सवालिया निशान है।

नमामि गंगे परियोजना के जरिए देश भर की नदियों को शुद्ध करने की कोशिश की जा रही हैं, मगर केन और बेतवा के उद्गम में मौजूद प्रदूषण को कम करने के प्रयास अभी तक नहीं किए गए हैं। गर्मी में बेतवा नदी अपने उद्गम से लेकर मध्यप्रदेश राज्य की सीमा में सिर्फ निस्तार और औद्योगिक इकाइयों से छोड़े गए पानी का संवाहक बनी रहती है। इसमें हलाली बांध का पानी का छोड़ कर इसे बहने योग्य बनाया जाता है। मगर किनारों पर स्थित नगरीय प्रशासन इसे पेयजल के रूप में भी उपलब्ध कराता है। हमीरपुर में, जहां बेतवा और केन यमुना में मिलती है, बेतबा जल का टीडीएस 900 मिली ग्राम प्रतिलीटर और केन का 600 मिली प्रतिलीटर है। जबकि पेयजल के रूप में 200 से 500 टीडीएस की मात्रा पीने योग्य मानी जाती है। यमुना की प्रदूषण रिपोर्ट में बेतवा और केन के संगम से यमुना के प्रदूषण को रेखांकित किया गया है। इन हालात में प्रस्तावित परियोजना के माध्यम से जल के किस सुरक्षित स्तर तक बुंदेलखंड की जनता की प्यास बुझाने की उम्मीद की जाती है? बेतवा के उद्गम को निरंतर प्रवहमान बनाए बिना इसे मानव उपयोगी बना पाना भी कठिन ही बना रहेगा। केन-बेतवा जोड़ परियोजना में बेतवा नदी के उद्गम के पास मकौडियां बांध बनाने का प्रस्ताव विशेषज्ञों ने इसीलिए रखा था कि नदी का प्रवाह निरंतर गतिमान बना रहे। जलवायु परिवर्तन की वजह से गंगा और सिंधु जैसी विशाल नदियों के प्रवाह में कमी की चेतावनी जारी की जा रही है, लेकिन बेतवा नदी पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को लेकर अभी तक सरकार चुप्पी ही साधे हुई है, जबकि केन-बेतवा जोड़ का लाभ और जल शुद्धता बेतवा नदी के निरंतर प्रवाह पर ही निर्भर है।

# हर अंधेरे में उजास



उम्र बढ़ने का अर्थ केवल जीवन के वर्ष बढ़ना नहीं होता, बल्कि इस समझ का आना भी होता है कि हमें वही करना चाहिए, जो हम करना चाहते हैं और अपने जीवन के उच्चतम लक्ष्यों को पाना है। अपने मस्तिष्क की उन सारी उलझनों को उतार फेंकना है, जो यह कहती हों कि आपको इससे अलग कुछ करना चाहिए। मतलब, पढ़ाई के दौरान टीवी देखने का मोह अपने उच्चतम लक्ष्य से दूर ले जा सकता है।

छोटी उम्र में बच्चों के सिर पर कोई और खड़ा होकर छड़ी लेकर बता देगा कि पढ़ाई कर लो, लेकिन उम्र बढ़ने पर यह समझ किसी के भीतर खुद आनी ही चाहिए। हम जब जान लेंगे कि क्या करना हमारे लिए सही है, तो हम शांत हो जाएंगे और अपने पथ से फिर कोई हमें डिगा नहीं पाएगा। काम और उस काम के प्रति निष्ठा ही सर्वोच्च लक्ष्य तक ले जा सकती है, कुछ और नहीं। लक्ष्य यही होना चाहिए, जो अभी करना है। पढ़ाई के समय पढ़ाई के अलावा कोई विकल्प नहीं हो सकता। अपना लक्ष्य पहचानना ही होगा। धीमे ही सही, लेकिन अपने लक्ष्य की ओर लगातार बढ़ते और अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों को उसी तरह से करते रहना चाहिए। देखा जाए तो पढ़ाई के दौरान किसी और बड़े बदलाव की जरूरत नहीं होती।

हम उस वक्त पार्टी या मनोरंजन के बारे में नहीं सोच सकते और अगर जीवन के लक्ष्य बहुत बड़े हों तो जीवन भर मनोरंजन के बारे में नहीं सोच सकते हैं। अगर किसी भी समय ऐसा लगता है कि कुछ और करना चाहिए तो तुरंत आत्मपरीक्षण करना चाहिए। कर्तव्य और मोह के तराजू में कर्तव्य का पलड़ा हमेशा भारी होना चाहिए। हमेशा धीमी गति से, लेकिन लगातार काम करने वाला ही जीतता है। भौतिक और बाहरी जगत में सजग होकर व्यवहार करना चाहिए। यह सजगता सेहत के रूप में परिलक्षित होती है। अगर हमारा स्वास्थ्य, वित्त, कार्य और रचनात्मकता अच्छी है तो हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं। बाहरी जगत उस पर निर्भर करता है कि हम उसका निर्माण किस तरह से कर रहे हैं, कैसे उसे आकार दे रहे हैं और उसे अपने अनुरूप करते हुए कैसे अपना विकास कर रहे हैं। दृढ़ निश्चय करते हुए सही दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। जो करना उचित हो, उसे अवश्य करना चाहिए।

विभिन्न दिशाओं की ओर झुकते अपने रुझानों को संतुलित करना बहुत जरूरी है। भावनात्मक ऊजाओं को परिवर्तित करने की जरूरत है, ताकि वे सकारात्मकता की ओर ले जाएं। कठोर परिश्रम और कर्मठता का कोई विकल्प हो ही नहीं सकता है। अपनी आंतरिक जागरूकता को बढ़ाना और मिलने वाले मार्गदर्शन को समझना चाहिए। अगर सारे कार्य करने के बाद भी समय बचता है तो उसे दूसरों की सेवा करने में बिताना बेहतर है। परमार्थ ही चलायमान रखेगा, ऊर्जावान बनाए रखेगा। हम जानते हैं कि जो विश्व में है, वहीं अणु में और जो अणु-रेणु में वही विश्व में, तो हम सूर्य की तरह प्रदीप्त क्यों नहीं हो सकते? क्यों न हम तय कर लें कि सूर्य की तरह चमकेंगे, दमकेंगे और हर अंधेरे में उजास भरेंगे।

## बीजेपी बूथ सत्यापन कार्यशाला सम्पन्न



प्रखर थानागद्दी जौनपुर। केराकत के आर.पी.यस. महाविद्यालय परिसर में बूथ सत्यापन कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यशाला में भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारियो को क्षेत्रीय मंत्री, काशी क्षेत्र के अशोक तिवारी ने सम्बोधित करते हुए कहे कि भाजपा के बूथवार सत्यापन करने के साथ साथ कमेटी का भी गठन करना है। जिससे कि भारतीय जनता पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूती मिल सके। कार्यशाला में विधानसभा केराकत के बूथ सत्यापन अधिकारी व जिला उपाध्यक्ष श्री बृजेश सिंह ने कहा कि बुथस्तर पर डिजिटल इंडिया के आधार पर सभी 74 शक्ति केंद्र के 425 बूथों के कमेटी के सभी पन्ना प्रमुख व सदस्यों को सरल एप्प व व्हाट्स ग्रुप के माध्यम से जोड़ने का काम किया जाय।

## पत्रकार देवेंद्र खरे के उपर हमला करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार




प्रखर जौनपुर। डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में, प्रभारी निरीक्षक आदेश कुमार त्यागी मय हमराह निरीक्षक जयप्रकाश यादव,उ0नि0 सुधीर कुमार,उ0नि0 आशुतोष गुप्ता , हे०का० कमलेश पाण्डेय ,हे0का0 भाईलाल सोनकर , का0 सुनील यादव , का0 धर्मेन्द्र सिंह द्वारा पत्रकार देवेन्द्र खरे पर हमला करने वाले ( मु0अ0सं0 104/23 धारा 307/506/120बी भादवि से सम्बन्धित ) दो अभियुक्तों 1. सत्यम सिंह पुत्र संतोष कुमार सिंह निवासी रामपुरनदी थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर उम्र करीब 22 वर्ष 2. प्रद्युम्न यादव उर्फ सोनू उर्फ सिनू पुत्र बाँकेलाल यादव निवासी जयरामपुर थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर को आज दिनांक 31/03/2023 को रैभानीपुर अंडर पास हाईवे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की तलाश ली गयी तो सत्यम उपरोक्त के पास से एक पिस्टल 32 बोर व दो खोखा कारतुस 32 बोर तथा प्रद्युम्न के पास से एक तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतुस बरामद हुआ । बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 165/23 व 166/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया ।

## वाराणसी में प्रथम कैम्ब्रिज प्रोग्राम का शुभारंभ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सनबीम इण्टरनेशनल वरूणा में शैक्षणिक सत्र 2023-24 का प्रारंभ होते ही विद्यालय के छात्रों ने कैम्ब्रिज के तहत विशेष प्रणाली से विकसित कैम्ब्रिज प्रोग्राम का पठन-पाठन शुरू किया `सनबीम इण्टरनेशनल वरुणा के सत्रारम्भ के प्रथम दिवस पर आगन्तुक अभिभावकों एवं छात्रों का अभिनन्दन किया गया तत्पश्चात प्रार्थना सभा का आयोजन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ` कक्षा-प्रार्थना के पश्चात राष्ट्रीय गान के साथ सनबीम ग्रुप की उप-निदेशिका अमृता बर्मन एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ0 अनुपमा मिश्रा ने छात्रों का स्वागत एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नमामि गंगे हर घर जल नल योजना की चोरी हुई पाइप बरामद, दो अभियुक्त हिरासत में

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के घाटमपुर एसार पेट्रोल पंप के समीप मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर डीसीएम ट्रक में नमामि गंगे के तहत हर घर नल योजना अंतर्गत निर्माण कार्य में इस्तेमाल किए जा रहे पाइप को चुराकर दो चोर सोनभद्र की तरफ ले जाकर कहीं बेचने की फिराक में थे। मुखबिर की सूचना पर बताए हुए स्थान पर पुलिस ने पहुंचकर पता किया मुखबिर ने इशारे से ट्रक व चोरों की शिनाख्त कराई जिस पर पुलिस ने दो लोगो को पकड़कर एक डीसीएम ट्रक व उस पर लदे 14 पाइपों को बरामद कर स्थानीय थाने ले आए। पकड़े गए ड्राइवर/वाहन स्वामीअमित कुमार शर्मा निवास, थाना नवाब गंज जिला फरुर्खाबाद उसका साथी दीपू राठौर पुत्र राधे लाल थाना बिलग्राम जिला हरदोई को संबंधित धाराओं में मुकदमा कायम कर जेल भेज दिया।

# चोलापुर मे लगे नमामि गंगे योजना के बोर्ड बने आकर्षण का केंद्र

प्रखर दानगंज वाराणसी। भारत सरकार द्वारा संचालित नमामि गंगे योजना जनपद के किसानों के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है बीते दो वर्षों में यह योजना चोलापुर ब्लाक के लगभग सभी गांव के किसानों तक अपनी पहचान बनाने में सफल रही है ।चोलापुर विकास खण्ड में कृषि विभाग व इश इग्रीटेक के संयुक्त तत्वावधान में संचालित की जा रही नमामि गंगे योजना के तहत पिछले दो वर्षों में चोलापुर ब्लाक में 146 जैविक कृषक समितियों का गठन करके जैविक खेती कार्यक्रम

**146 जैविक क्लस्टरों में लगाये गये बोर्ड पर दर्ज है योजना की हकीकत**

चलाया जा रहा है। इन दिनों विकास खण्ड में गठित सभी 146 जैविक क्लस्टरों में लगाया गया नमामि गंगे योजना का बोर्ड सभी किसानों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और नमामि गंगे योजना की चर्चा हर किसान की जुबान पर है। क्षेत्र के परानापट्टी,बबियांव ,दानगंज, मंगोलेपुर,लखनपुर,मुनारी,छित्तमपुर के साथ ही गंगा किनारे गांव गौरा उपरवार,चंद्रावती आदि गांवों में कृषि विभाग व इश एग्रीटेक की ओर से लगाये गये बोर्ड पर नमामि गंगे योजना के तहत गठित जैविक क्लस्टर का सम्पूर्ण विवरण दशार्या गया है जो किसानों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

**किसानों में आयेगी जागरूकता**– चोलापुर के सहायक विकास अधिकारी कृषि कैलाश प्रसाद मौर्य व नमामि गंगे योजना के प्रोजेक्ट हेड स्वामी शरण कुशवाहा ने बताया कि नमामि गंगे योजना के तहत जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चोलापुर मे किसान गोष्ठी,प्रशिक्षण,जैविक किसान मेला आदि का आयोजन किया गया, इसी क्रम में किसानों में जागरूकता लाने व जैविक खेती कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्लाक के सभी 146 जैविक क्लस्टरों में आयरन बोर्ड लगाये गये हैं। पारदर्शिता के साथ चलाया जा रहा जैविक खेती कार्यक्रम - जनपद के उप कृषि निदेशक अखिलेश कुमार सिंह का कहना था कि नमामि गंगे योजना जनपद के सभी आठ विकास खण्डों में पूरी पारदर्शिता के साथ चलायी जा रही है ।योजना के तहत अनुदान की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खाते में भेजी जा रही है ।किसानों व कृषि विभाग के बीच पारदर्शिता को बनाये रखने व योजना के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से गांवों में नमामि गंगे योजना के बोर्ड लगाये जा रहे हैं। वाराणसी मंडल के संयुक्त कृषि निदेशक डा.आशुतोष मिश्र का कहना है कि नमामि गंगे योजना वाराणसी जनपद के साथ ही गाजीपुर,चंदौली के किसानों के लिए भी मील का पत्थर साबित होगी आवश्यकता है जागरूकता के साथ नमामि गंगे योजना से किसानों के जुड़ने की ।उन्होंने कहा कि बीमार हो रही धरती मां को बचाने व बिष मुक्त खाद्यान्न उत्पादन के लिए किसान जैविक खेती को अपनाएं।

## जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया आकस्मिक निरीक्षण


प्रखर मिजार्पुर। जिला न्यायाधीश अनमोल पाल, जिलाधिकारी मीरजापुर दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान जिला कारागार के बैरक, भोजनालय, जिला जेल परिसर व अस्पताल का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । निरीक्षण के दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु/बात प्रकाश में नहीं आयी ।उक्त निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी, जिला कारागार अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें ।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनांतर्गत द्वितीय चरण के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं सिलाई मशीन टूलकिट का कार्यक्रम हुआ संपन्न

प्रखर वाराणसी। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23के द्वितीय चरण के लाभार्थियों के 06दिवसीय कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के उपरान्त प्रमाण-पत्र एवं टूलकिट वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ दिनांक 23.03.2023 से 26.03.2023 तक दर्जी, नाई, बढ़ई, राजमिस्त्री, लोहार, हलवाई, कुम्हार ट्रेड के आन लाइन चयनित शिल्पियों को यूपी डिजाइन एवं शोध संस्थान, लखनऊ के डिजाइनर / मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मा० विद्यायक- कैण्ट, वाराणसी, श्री सौरभ श्रीवास्तव, श्रीमती क्षिप्रा शुक्ला, मा० अध्यक्ष, यूपी डिजाइन एवं शोध संस्थान, लखनऊ, श्री हंशराज विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा, वाराणसी, श्री विद्यासागर राय, महानगर अध्यक्ष, भाजपा, वाराणसी, श्री जगदीश त्रिपाठी, मा० महामंत्री, भाजपा श्री नवीन कपूर, मा० महानगर महामंत्री, भाजपा, वाराणसी, श्री श्री मोहन कुमार शर्मा, उपायुक्त उद्योग, वाराणसी, श्री अजय कुमार गुप्त, सहायक आयुक्त उद्योग, वाराणसी एवं यूपीआईडी के मास्टर ट्रेनरों श्रीमती लक्ष्मी विश्वकर्मा, श्रीमती साक्षी सिंह, डा० शालिनी सिंह, श्रीमती शिल्पी पटवारी, श्री शत्रुघ्न मर्मा की गरीमामयी उपस्थिति में नाई - 75, बढई - 50, राजमिस्त्री - 25, हलवाई - 60, लोहार - 50 एवं दर्जी - 400 के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं दर्जी ट्रेड के 400 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं टूलकिट(सिलाई मशीन) मा० विद्यायक कैण्ट श्री सौरभ श्रीवास्तव एवं गणमान्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा वितरित कराया गया। अन्त में श्री मोहन कुमार शर्मा, उपायुक्त उद्योग, वाराणसी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देते कार्यक्रम का समापन कराया गया।

# रमजान के दूसरे जुमे पर नमाजियों की भीड़ जुमा मस्जिदों में उमड़ी


प्रखर जौनपुर। शुक्रवार की मुस्लिम समाज में विशेष महत्ता है।जुमे की नमाज पढ़ने के लिए बड़ी संख्या में नमाजी शाही अटाला मस्जिद, जामा मस्जिद (बड़ी मस्जिद) समेत अलग-अलग मस्जिदों में जमा हुए,जहां उन्होंने रमजान के दूसरे जुमे की नमाज अदा की।नगर की प्रमुख शाही अटाला मस्जिद में मौलाना अब्दुर रहीम ने नमाजे जुमा अदा कराई तथा मौलाना आफाक ने रमजान की फजीलत बयान की।उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इबादत और बरकतों का महीना होता है,इसमें मुस्लिम लोग विशेष तरह की नमाज तरावीह अलग से अदा करते हैं।यह नमाज केवल रमजान माह में ही पढ़ाई जाती है।वहीं दूसरी ओर शाही जामा मस्जिद (बड़ी मस्जिद) मे मौलाना अबू हुरैरा ने नमाज अदा कराई और मुल्क मे अमन व चैन के साथ भाईचारगी बनी रहे इसके लिए विशेष रूप से दुआ मांगी।मदरसा हनफिया नवाब युसूफ रोड मदीना मस्जिद मे इमाम मौलाना कयामुद्दीन ने नमाज अदा कराई नमाजियों को खिताब करते हुए मौलाना कयामुद्दीन ने कहा कि



रमजान इबादत के साथ-साथ गुनाहों से बचने का और तोबा करने का महीना भी है। खानकाह मस्जिद मे मौलाना हाफिज मेराज ने कहा कि रमजान में इबादत के साथ-साथ गरीबों,बेसहारा लोगों के अलावा विधवाओं के लिए मदद करने का भी महीना है।इसके अलावा रमजान के दूसरे जुमा की नमाज शाही किला मस्जिद,झंझरी मस्जिद, लाल दरवाजा मस्जिद, लाल मस्जिद, मोहम्मद हसन मस्जिद, इलाही मस्जिद उर्दू बाजार , आया मस्जिद,आलम मस्जिद, गौशाला मस्जिद, जकरिया मस्जिद, चहारसु मस्जिद, शाही पुल शेर मस्जिद, इंद्रा मार्केट मस्जिद कचहरी मस्जिद, रेलवे स्टेशन मीरपुर मस्जिद, मियांपुर मस्जिद के अलावा आसपास की मस्जिदों में भी अदा की गई और देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई।नगर पालिका की तरफ से दूसरे जुमा को देखते हुए विशेष सफाई की व्यवस्था की गई तथा चूने का छिड़काव कराया गया,मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष हफीज शाह ने कहा की रमजान के महीने मे प्रशासन द्वारा दी जा रही मुलभुत सुविधाएं नमाजियों के लिए आसानियां हो रही है और कई जगह पर हिंदू भाइयों ने मुसलमानों को रमजान की बधाई दी और मुसलमानों ने नवरात्र की हिंदू भाइयों को बधाई दी जो राष्ट्रीय एकता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

# शीएट इंजीनियरिंग कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

प्रखर वाराणसी। शीएट इंजीनियरिंग कॉलेज बाबतपुर वाराणसी में ConveGenius (Niti Aayog funded) कंपनी के द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया, जिसमें 5 विद्यार्थियों का चयन किया गया। ConveGenius कंपनी ने




साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद 5 बच्चों लाल बिहारी चौहान, मनीषा यादव, प्रद्युम्न त्रिपाठी, गरिमा सिंह एवं प्रतीक्षा मिश्रा को 2 .8 लाख के पैकेज के लिए ऑफर लेटर प्रदान किया। संस्था मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विवेक विक्रम सिंह ने बताया कि छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा, नए तकनीकी माध्यम का समावेश, PDP Trainer, GD Trainer तथा Communication Skill Training के द्वारा शीएट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के छात्रों को अधिक से अधिक प्लेसमेंट पाने के योग्य बनाया जा रहा है छात्रों के ConveGenius में चयनित होने पर संस्था के चेयरमैन श्री वीरेन्द्र सिंह, संस्था के वाईस चेयरमैन श्री विनोद सिंह, संस्था के डायरेक्टर प्रो० कुलभूषण गुप्ता, संस्था के रजिस्ट्रार डॉ० विजय उपाध्याय, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी श्री विनय भक्तुला, श्री वीरेंद्र प्रताप यादव, CRC डायरेक्टर श्री विनय कुमार सिंह ने सभी छात्रों को बधाई तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर संस्था के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण ने छात्रों के सफल चयन पर बधाई एवं शुभकामनायें दी।

## संक्षिप्त खबरें

### चमेली देवी के स्मृति में आज चार दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई



प्रखर रामनगर। चमेली देवी मेमोरियल बैडमिंटन अकादमी में आज स्वर्गीय चमेली देवी के स्मृति में आज चार दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे किशोर व व्यस्क तक के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी द्वारा शुभारंभ किया गया। मुख्य रूप से इस प्रतियोगिता में पद्मश्री डॉक्टर सरोज चुरामणि, योग शिक्षक पंडित विजय कुमार मिश्र, मंजू मिश्र, डॉक्टर टी एम महापात्रा, डॉक्टर विरेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद केशरी, डॉक्टर सुशील कुमार मिश्र, उत्कर्ष केशरी, उद्धव केशरी, निधि केशरी, डॉक्टर विरेंद्र केशरी, नागेंद्र सिंह कुलदीप सिंह, वल्लभ नारायण सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद कुमार मिश्र जी ने की। आज के कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती सीमा केशरी जी ने किया। इस कार्यक्रम के सफलता के आए हुए अतिथियों का अध्यक्ष श्याम कुमार केशरी जी ने आभार व्यक्त किया।

### पिंडरा ब्लॉक के सहकारी संघ के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा में स्थित तीन सहकारी संघ के अध्यक्षों का चुनाव शुक्रवार को गहमा गहमी के बीच हुआ। जिसमें तीनों संघ पर अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। पिंडरा ब्लॉक के 9 साधन सहकारी समिति के चुने गए डेलीगेट द्वारा चयनित डायरेक्टरो ने सहकारी संघ के अध्यक्ष का चुनाव किया । पिंडरा ब्लॉक के सहकारी संघ मंगारी के अध्यक्ष दिनेश सिंह, पिंडरा सहकारी संघ के अध्यक्ष छेदी सिंह व सिंधोरा सहकारी संघ के अध्यक्ष अशोक सिंह गुड्डू चुने गए। इसके पूर्व अध्यक्ष पद के नामांकन को लेकर गहमा गहमी दिखी। मान मनौवल के बाद एक -एक नामांकन हुए। जिसके कारण निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इस दौरान मंगारी सहकारी संघ के डायरेक्टर उमेश सिंह, भानपुर के राजेश सिंह, बाबतपुर के गौरव सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता सन्तोष सिंह, अभिषेक राजपूत समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षिका तबस्सुम हसन की विदाई पर भावुक हुआ विद्यालय परिवार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बाराचवर क्षेत्र के सेंट जॉन्स स्कूल, सिद्दीकपुर, जौनपुर में 25 वर्षों से कार्यरत शिक्षिका तबस्सुम हसन को विद्यालय परिवार ने विदाई दी।इस अवसर पर बच्चों ने अपनी शिक्षिका के सम्मान में नृत्य गीत इत्यादि कार्यक्रम प्रस्तुत किए।अपने विदाई समारोह में अध्यापिका तबस्सुम हसन भावुक हो गईं और सेंटजॉन्स परिवार में रहते हुए उन्होंने ने कैसा अनुभव किया इसको सबके सामने साझा किया और कहा कि सेंट जॉन्स स्कूल ने मेरे मानस पटल पर अमिट छाप छोड़ी है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने श्रीमती तबस्सुम को उनकी सेवा के लिए आभार प्रकट किया एवं आगे का जीवन सुखमय हो इसके लिए शुभकामना दी।फादर ने कहा कि शिक्षक-शिक्षिका देश के भविष्य का निर्माण करते हैं




अतः उनके योगदान को मापने का कोई पैमाना नहीं है।शिक्षक कभी अवकाश नहीं प्राप्त करता वह जब तक दुनिया में रहता है,राह दिखाता रहता है। विद्यालय परिवार ने उपहार देकर अपनी अध्यापिका को सम्मानित किया।इस अवसर पर शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पिंडरा के चार शिक्षक हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

प्रखर पिंडरा। पिंडरा विकास खण्ड के चार शिक्षकों की सेवाकाल पूर्ण होने पर शनिवार को भावभीनी विदाई दी गई। न्याय पंचायत बाबतपुर के प्राथमिक विद्यालय चिउरापुर नवीन के शिक्षक भैयालाल मिश्रा, कंपोजिट वि0 शाहपुर के रामचंद्र राम व बनारसी राम तथा प्रा0वि0 जमालपुर के रामचंद्र राम के सेवानिवृत्त होने पर स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक संकुल अरुण कुमार चौधरी, शैलेंद्र पांडेय, संजय पांडेय, धर्मेंद्र बहादुर सिंह, अरविंद द्विवेदी रहे। संचालन नोडल शिक्षक संकुल श्रवण कुमार ने किया।

# स्पंदन गोमती रामसूरत वेलफेयर ट्रस्ट रामनगर अध्यक्ष विभु पांडे द्वारा महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया

प्रखर रामनगर वाराणसी। स्पंदन गोमती रामसूरत वेलफेयर ट्रस्ट रामनगर की तरफ से महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डीसीपी आरती सिंह और अति विशिष्ट अतिथि एडीसीपी ममता रानी और विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर एस एन सिंह हरीश मिश्रा बनारस वाले मिश्रा जी डॉ विजय सिंह सुष्मिता करमाकर डॉ मुकेश मिश्रा डॉ आर के गुप्ता उदय राव एवं नगर के तमाम माननीय लोग शामिल रहे व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल, अजीत यादव उर्फ बब्बू, पी के झा, काशी रत्न कुलदीप सरदार सिंह, राजू मिर्जा, राम लोचन यादव, सरदार मनजीत सिंह, धनंजय साहनी, एवं नगर के वरिष्ठ पत्रकार संजय यादव सुनील संजय पांडे अजीत यादव जसवंत सिंह,आदि मौजूद रहे कार्यक्रम संयोजक पूनम पांडे कलाम खान रंजन सिंह डॉक्टर शौकत अली और सुमन सिंह के द्वारा



किया गया संस्था की अध्यक्ष विभु पांडे ने डीसीपी आरती सिंह को सम्मानित करते हुए यह कहा की महिलाओं के सम्मान से ही हमारे देश समाज और राष्ट्र का सर्वांगीण विकास होना संभव है डीसीपी साहिबा का कहना था कि ऐसे कार्यक्रम का आयोजन हर नगर और हर क्षेत्र में होना चाहिए संस्था के द्वारा विभु पांडे जी ने समाज उत्थान के लिए संघर्षशील और जुझारू महिलाओं को अंगवस्त्रम और माल्यार्पण कर सम्मानित किया कार्यक्रम में स्पंदन टीम के द्वारा नवमी तिथि को देखते हुए नौ देवी दुर्गा की भव्य प्रस्तुति की गई। संस्था की तमाम छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया स्पंदन की पूरी टीम बंदना प्रियंका अंजलि प्रियंका अनामिका सोना प्रतिमा चांदनी दीपक विराट अमित सूरज पूजा तृप्ति श्रद्धा के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

# देश की सीमा पर हुए शहीद का हुआ अंतिम संस्कार, शव यात्रा में शामिल हुए हजारों लोग

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। देश की सीमा पर शहीद हुए देवकली ब्लाक अन्तर्गत कुकुढ़ा गांव निवासी रामवचन यादव का अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को चोचकपुर श्मशानघाट पर किया गया । उनकी शवयात्रा में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव और सदर विधायक जै किशन साहू के साथ हजारों क्षेत्रीय लोग शामिल हुए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने शहीद के शव पर श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि गाजीपुर शहीदों की धरती रही है। जब जब इस देश को जरूरत पड़ी है ,इस देश के नौजवानों ने अगली कतार में खड़े होकर अपने लहू से इस देश की धरती को सींचने और संवारने का काम किया है। आये दिन इस जनपद में देश की सीमा पर शहीद होने वाले नौजवानों का पार्थिव शरीर आता रहा है। उनकी शहादत से हम हमेशा गौरवान्वित होते आ रहे हैं और हमारी छाती चौड़ी होती रही है। देश की सीमा पर शहीद हुए नौजवानों के परिवार के साथ समाजवादी पार्टी हमेशा खड़ी रही है



और रहेगी । जिन वीर जवानों की वजह से पूरा देश चैन की नींद सोता है उनके शहीद होने पर उनके परिवार के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने इस अवसर पर नेता मुलायम सिंह को याद करते हुए कहा कि यह उन्हीं की दी हुई व्यवस्था है कि आज शहीदों की लाश उनके घर पर आ रही है। अन्यथा केवल उनकी बेल्ट और टोपी उनके घर आती थी। घर के लोग अपनी शहीद जवानों का मुंह भी देखने को तरस जाते थे।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा किसानों और जवानों का सम्मान किया है। शहीद की शवयात्रा में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र यादव टिंकु, रामज्ञान यादव प्रधान, मनोज यादव, पुर्व प्रमुख धर्मदेव यादव,सुर्यमणि यादव, रमाशंकर यादव आदि उपस्थित रहे।

# संचारी रोग के रोकथाम हेतु अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता ने की बैठक

प्रखर मिजार्पुर। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत शुक्रवार की शाम लालडिग्गी स्थित नपा के प्रधान कार्यालय पर अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की।बता दे पूरे प्रदेश में विभिन्न निकायों में संचारी रोग के रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलेगा।मच्छरों की वजह से डेंगू और दूसरे प्रकार के बुखार फैलते हैं।ऐसे में जरूरी है कि घरों के आसपास पानी का जमाव न होने दें।घरों में भी कूलर के पानी को सप्ताह में एक बार साफ करें।यदि कहीं मच्छरों के लार्वा पनपते हैं तो उन्हें नष्ट कर दें।घर की खिड़कियों पर जाली लगाये,पूरी आस्तीन के कपडे पहने एवं पानी को उबाल कर पियें।इन दो महीनों में सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।इस मौके पर अधिशासी अधिकारी ने सफाई नायकों को जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही अपने-अपने वार्डो में नियमित रूप से नालियो की सफाई,बढ़े हुये घासों की कटाई के साथ-साथ मलिन बस्तियों में विशेष अभियान चलाने का भी निर्देश दिया।

# पंचायत सचिवालय पर लटके ताले, व्यवस्थाओं का हाल बेहाल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन ने जिले में सैकड़ों ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये की लागत से पंचायत सचिवालयों का निर्माण कराया गया है। इसका मकसद ग्रामीणों को एक छत के नीचे ब्लॉक, तहसीलों के चक्कर से निजात दिलाना था, लेकिन यह मकसद फिलहाल




प्रशासनिक उदासीनता से पूरा होता नहीं दिख रहा। गांव की सरकार चलाने में जिले के अफसरों से लेकर प्रधानों तक की मनमानी जारी है। लाखों की लागत से बने पंचायत सचिवालयों में ताला लटक रहा है। संचालन को लेकर कई तरह का रोड़ा है। कहीं पर पंचायत भवन अधूरे हैं तो कुछ में काम मानक विहीन हुआ। कई तो ऐसे पुराने भवन हैं जिन्हें कागजों में तो ठीक दिखाया गया, पर वह जर्जर हो चुके हैं। इतना ही नहीं कुछ ग्राम पंचायत अधिकारियों ने आज तक कंप्यूटर व अन्य संसाधन भी मुहैया नहीं कराए। कोई डोंगल काम न करने तो कोई बजट न होने जैसी समस्याओं का दुखड़ा रो रहा है। इसे लेकर शिकायतें करने पर आला अधिकारी भी तरह-तरह के दबाव बना रहे हैं। यही कारण है कि गांव की सरकार चलाने का सपना पूरी तरह साकार नहीं हो सका है और आज भी लोग ब्लाक व तहसील के चक्कर लगा रहे हैं। शुक्रवार को प्रखर पूर्वांचल की टीम ने गोहदा के पंचायत सचिवालय की पड़ताल की। जिसमें पंचायत सचिवालय बंद मिला। वहीं एक पंचायत सचिवालय में कामकाज ठप मिला ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं बताई। लल्लन कुशवाहा, सुरेन्द्र, मदन, सोनू, हरिश्चंद्र आदि ने बताया कि पंचायत सचिवालय खुलने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन खुलने का कोई समय सीमा ही निर्धारित नहीं है।

### 4 गोवंश, तमंचा और कारतूस के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद एवं थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आज शुक्रवार को उप निरीक्षक अनूप यादव मय हमराह कांस्टेबल सोनू गौड़ व कांस्टेबल सत्येन्द्र कुमार, आदर्श यादव, कांस्टेबल अखिलेश बिन्द मय चालक मकेश दुबे, कांस्टेबल कासिम सिद्दीकि व कांस्टेबल आलोक वर्मा के द्वारा गो तस्कर क्रमशः वसन्त पुत्र ख?गू निवासी नरगूपुर थाना फेफना जनपद बलिया उम्र 40 वर्ष, पंकज नट पुत्र जम्मू नट निवासी भिन्डरौलिया थाना सझौली जिला रोहतास बिहार उम्र 25 वर्ष , हेमन पुत्र विजय बहादुर यादव निवासी टेड़वा कामठिया थाना नरही जनपद बलिया उम्र 22 वर्ष को मुखबीर खास की सूचना पर बरार ग्राम में स्थित मजार के पीछे वहद ग्राम बरार से लगभग 2:45 बजे पुलिस हिरासत मे लिया गया । अभियुक्तगण के पास से 04 अदद गोवंश व एक अदद देशी तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस व घटना मे प्रयुक्त एक अदद स्कॉर्पियो यूपी45आर0811 तथा एक पिक अप यूपी65एटी 99 64 बरामद हुआ । अभियुक्तगणो के विरूद्ध थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग से गृहस्थी का सारा सामान खाक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जखानियां तहसील के ग्राम सभा धामुपुर के ददरा गांव में गुरुवार की दोपहर अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई. आग लगने से झोपड़ी में रखा दो 50 हजार के चांदी के जेवरात व 25 हजार रूपए नगदी रखे झोपड़ी के अंदर वो भी जल गए और 5 कुंतल गेहूं 5 कुंतल चावल जलकर राख हो गया और 2 भैंस झुलस गई 5 बकरी मौके पर मौत हो गई। ददरा गांव निवासी लालजी राजभर पत्नी दिव्या देवी दो पुत्र सुनील, विशाल,6 पुत्री जिसमे 3 लोगो की शादी हो गई है। लालजी राजभर के परिजन घर के बाहर थे। शॉर्ट सर्किट से अचानक झोपड़ी जलने लगी। झोपड़ी से आग निकलती देख आसपास के लोगों समेत परिजन दौड़े, लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। इसी दौरान आसपास के लोगों ने घरों से बाल्टियों में पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया, जब तक लोग आग पर काबू पाते, घर में रखा अनाज, कपड़े समेत सभी सामान जल कर राख हो गया. पिछले दिनों लालजी राजभर पुत्र 2 मोबाइल फोन खरीदकर 18 हजार की रुपये की घर में रखी थी। आग लगने की सूचना पर लेखपाल चंद्रजीत भारतीय व ग्राम प्रधान व गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। मौके पर समाजसेवी अनिकेत चौहान ने भी पहुंच कर सरकारी अधिकारों से मदद की गुहार लगाई है। सभी ने लालजी राजभर को मदद का आश्वासन दिया।

# द्वितीय चरण शिविर में 135 दिव्यागों को किया गया निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। धर्म संघ शिक्षा मण्डल वाराणसी में नारायण रेकी सत्संग परिवार वाराणसी एवं अखिल मारवाड़ी युवा मंच वरुणा शाखा के संयुक्त तत्वाधान मे 31 मार्च 2023 शुक्रवार को निःशुल्क अंग प्रत्यारोपण शिविर का द्वितीय चरण सम्पन्न हुआ। इस शिविर में 135 द्विव्यांग बन्धुओ को कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण किया गया` 30 दिव्यांगो का नारायण सेवा संस्थान उदयपुर में अनुभवी डाक्टरों द्वारा आपरेशन किया जायेगा नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के अनुभवी डाक्टर रोली शुक्ला एवं शिविर प्रभारी के निर्देशन में शिविर में कार्य सम्पन्न हुआ सर्वप्रथम शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा० आशुतोष अग्रवाल एवं पं. जगजीतन पाण्डेय व अतिथि द्वारा दीप प्रज्जलित किया गया` धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी के फोटो पर पुष्पाजली अर्पित की गई रेकी सत्संग परिवार की ओर से अनुपमा साह, नीतू भालोटिया ने नारायणगीत प्रस्तुत किया अतिथियो का स्वागत अरविन्द अग्रवाल ने किया। नारायण रेकी सत्संग परिवार की सेन्टर हेड ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारायण कहने से ताजगी का एहसास होता है नारायण कहने से मन हल्का होता है, नारायण कहने से नाकारात्मक विचार मन में नही आते हैं मारवाड़ी युवा मंच वरुणा शाखा की अध्यक्ष रीता अग्रवाल ने उद्बोध दिया कि शाखा द्वारा सेवा कार्य किया जाता है रमेश चन्द्र लालवानी ने नारायण सेवा संस्थान उदयपुर द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी कि संस्थान से दो डाक्टर डा० रोली शुक्ला एवं डा0 तुलसीराम द्वारा संस्थान द्वारा द्विव्यांगो के लिये बनाये गये कृत्रिम अंग का प्रत्यारोपण करेगे धर्म संघ के महामंत्री पं. जगजीतन पाण्डेय ने इस पुनीत कार्य की प्रशंसा कि अपना आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि नामित रोटरी गवर्नर डा0 आशुतोष अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस पृथ्वी पर जन्म ही इस वजह से मिला है हम दूसरों को सुख पहुँचाये` हमें ऐसा कार्य करना चाहिये कि हमारे सम्पर्क में जो भी आते है उनके लिये ऐसा करे कि उनके जीवन खुशियों से भर जाये उन्होंने कहा कि रोटरी और सतसंग परिवार सेवा के कार्य क्षेत्र में काफी समानतार है सतसंग परिवार को भविष्य में अगर अस्थि रोगों से सम्बंधित कोई परेशानी होगी तो निःशुल्क उपचार हमारे चिकित्सालय में किया जायेगा। संस्था द्वारा मुख्य अतिथि विशिष्ठ अतिथि जयपुर से आये हुये डाक्टरों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्रम देकर सम्मान किया। दिव्यांग बन्धुओं का भी अंगवस्त्रम व नारायण पुस्तक देकर सम्मान किया` कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र मोहन साह एवं सारिका प्रकाश ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद प्रकाश मेघना बाजोरिया में किया` इस कार्यक्रम में अनिल जाजोदिया, राकेश कालरा, पंकज कपूर, दीपक माहेश्वरी,अनुज डिवानिया, शांति देवीसँग सुनील धनुका कृष्ण जालान एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## प्रदेश कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल पर किया पोस्ट

प्रखर केराकत जौनपुर। मुफ़्तीगंज ब्लॉक क्षेत्र के पेसारा गांव में स्थित अस्थाई गौशाला में गायों के मरने के मामले को यूपी कांग्रेस पार्टी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैण्डल पर पोस्ट कर योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है। कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैण्डल पर लिखा है कि आखिर योगी जी को यह क्यों नहीं दिख रहा है। इससे पहले भारतीय प्रेस परिषद ने यूपी सरकार के मुख्य सचिव, गृह सचिव सहित वाराणसी मंडल के आयुक्त और जौनपुर जिले के डीएम एसपी को स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस दे चुका है। उल्लेखनीय है कि गौशाला में चारा पानी के आभाव और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही के चलते रोज रोज गायों के मरने की सूचना पर चार पत्रकारों ने मौके पर जाकर आँखों देखी न्यूज कवर किया था। न्यूज छपने और सोशल मीडिया पर चलने से गौशाला की दुर्दशा के जिम्मेदार अधिकारी भन्ना गए। शिकायत है कि तहसील के अधिकारियों ने खबर छपने और चलने के तीन दिन बाद गौशाला वाले गांव की ग्राम प्रधान चंदा देवी को अपने प्रभाव में लेकर चारो पत्रकारों आदर्श मिश्रा, विनोद कुमार, पंकज सिंह अरविन्द कुमार यादव के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया।

## संस्था ने नवरात्रि के अन्तिम दिन कन्याओं को खिलाया प्रसाद

प्रखर मिजार्पुर। जीएसबी सेवा समिति ने नौ कन्याओं को प्रसाद खिलाकर नवरात्रि के अन्तिम दिन पूजा किया । इस आशय की जानकारी संस्था की संस्थापक व प्रबधक फारिहा खान ने एक प्रेसवार्ता के दौरान दी। जीएसबी सेवा समिति के प्रबन्धक ने बताया कि संस्था के माध्यम से लगातार महिलाओं व बच्चों पर लगातार मजबूत करने के लिए उनके साथ मजबूती के साथ हमेशा खड़ी रहती है। नवरात्रि के दौरान तमाम संस्थाओं के द्वारा विन्ध्य क्षेत्र में भण्डारा व प्रसाद का वितरण किया गया लेकिन किसी ने भी कन्याओं को न तो भोजन या प्रसाद ही दिया। लेकिन मेरी संस्था के द्वारा नवरात्रि के अन्तिम दिन जलालपुर के प्रा0वि0 में कन्याओं का पूजा करके प्रसाद को खिलाया गया । हमारा मानना है कि कन्याओं का पूजा करने व प्रसाद का वितरण करने से आदमी के हर बिगड़े काम बन जाते है। इस अवसर पर उपस्थित उपजिला प्रोबेशन अधिकारी पुनीत टण्डन ने कहा कि संस्था के द्वारा आज नवरात्रि के अन्तिम किये गये कार्य की जितनी प्रशंस की जाए वह कम ही है। क्योकि आज के समाज में किसी भी संस्था के द्वारा नवरात्रि के दिनों में कन्याओं को भोजन नही कराया गया है। लेकिन जीएसबी सेवा समिति के द्वारा हमेशा अच्छे कार्य किये जा रहे है। इसके विभाग की ओर से उनके हर सम्भव मदद करने का प्रयास करेगी।



## रामनवमी पर रिलीज हुआ 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर

मुंबई। प्रभास, कृति सेनन, सैफ अली खान, सनी सिंह स्टारर फिल्म 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। इसमें प्रभास हाथ में धनुष लिए काफी शानदार लग रहे है। भगवान राम के रोल में प्रभास, सीता मां के किरदार में कृति सेनन और सनी सिंह लक्ष्मण के रोल में दिख रहे। बजरंग बली के रूप में देवदत्त नाग भगवान राम के समक्ष हाथ जोड़े बैठे हैं। इसके कैप्शन में प्रभास ने लिखा, मंत्रों से बढ़के तेरा नाम जय श्रीराम। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, ओम राउत, प्रसाद सुतार और राजेश नायर द्वारा बैंकरोल किया गया है। 16 जून को फिल्म 'आदिपुरुष' सिनेमाघरों में तमिल, तेलेगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज हो रही है।

लाइफ Style

# प्रियंका

## बॉलीवुड इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स से थक गई थी

प्रियंका चोपड़ा एक ग्लोबल आइकन बन चुकी हैं। प्रियंका की फैन फॉलोइंग देश-विदेश में है। इस बीच एक्ट्रेस ने एक बड़ा खुलासा किया है, जो काफी चौंकाने वाला है। एक नए पॉडकास्ट में अभिनेत्री ने खुलासा किया कि आखिर उन्होंने हॉलीवुड की ओर रूख क्यों किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

चोपड़ा ने बताया कि बॉलीवुड में उन्हें कोई कास्ट नहीं कर रहा था। साथ ही हिंदी फिल्म उद्योग में राजनीति से थक गई थी। प्रियंका ने कहा कि मुझे इंडस्ट्री (बॉलीवुड) में एक कोने में धकेला जा रहा था. लोग मुझे कास्ट नहीं कर रहे थे, लोगों के साथ मेरी अनबन हो रही थी। मैं ऐसे गेम खेलने नहीं जानती और मैं राजनीति से थक गई थी। मैंने कहा कि मुझे एक ब्रेक की जरूरत है। प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि इस पेज में अंजुला आचार्य, जो अभी उनकी मैनेजर है, ने उन्हें एक वीडियो में देखा और उनसे संपर्क किया। उन्होंने उनसे पूछा कि क्या वो अमेरिका में एक म्यूजिक करियर में रूचि है। देसी गर्ल ने बताया कि ये ऑफर उन्हें उस समय मिला, जब वो बॉलीवुड के बाहर ऑप्शन खोज रही थी। प्रियंका ने कहा कि, म्यूजिक ने उन्हें दुनिया के दूसरे हिस्से में जाने का मौका दिया। कंगना रनौत ने प्रियंका चोपड़ा का सपोर्ट करते हुए ट्वीट किया। बॉलीवुड के बारे में प्रियंका चोपड़ा का यही कहना है, लोगों ने उनके खिलाफ गैंगअप किया उन्हें धमकाया और फिल्म इंडस्ट्री से बाहर कर दिया। एक सेल्फ-मेड वुमेन को भारत छोड़ना पड़ा। सभी जानते है कि करण जौहर ने उन्हें पर बैन लगा दिया था।



हॉलीवुड मसाला



## भारतीय रंग में रंगी मैसी

लंदन। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में आर्या स्टार्क का किरदार निभाकर तारीफें बटोरने वाली अभिनेत्री मैसी विलियम्स इस समय भारत में हैं। वह मुंबई के एक होटल में ठहरी हैं, जहां से उन्होंने अपना वीडियो शेयर किया है। वह कमरे में भगवान कृष्ण की फोटो, सजावट और उन्हें मिले छोटे-छोटे गिफ्ट्स को देख काफी प्रभावित और बेहद खुश हुईं। इसके अलावा उन्होंने और भी कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसके जरिए ये देखा जा सकता है कि भारत में वो कैसा महसूस कर रही हैं और क्या कर रही हैं।




## जेसन के साथ इंटरनेशनल प्रोजेक्ट पर काम करेंगी उर्वशी

मुंबई। इंटरनेशनल स्टार और अमेरिकी सिंगर जेसन डेरुलो इन दिनों भारत में हैं। उन्होंने 'टॉक डर्टी टू मी', 'विगल विगल', 'स्वल्ला' और 'ट्रम्पेट' जैसे सुपरहिट गाने दिए हैं। वह एक प्रोजेक्ट के सिलसिले में मुंबई में हैं। जेसन हाल में बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला के साथ स्पॉट हुए। दोनों को बांद्रा में स्पॉट किया गया। दोनों फोटो के लिए पोज भी दिए। दोनों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कहा जा रहा है कि उर्वशी और जेसन एक इंटरनेशनल म्यूजिक वीडियो में साथ काम करेंगे। ये म्यूजिक वीडियो बहुत जल्द ही रिलीज होगा। उर्वशी और जेसन इंटरनेशनल म्यूजिक वीडियो 'जानू' में साथ काम करेंगे। जेसन डेरुलो ने कहा कि 'जानू' में उर्वशी रौतेला के साथ काम करना एक शानदार अनुभव था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि उर्वशी भारत की सुंदरता का प्रतीक हैं और दुनिया की दूसरी सबसे खूबसूरत महिला हैं।



## 'बजरंगी भाईजान-2' में हुई पूजा की एंट्री

मुंबई। सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट हुई थी। कुछ समय पहले बजरंगी भाईजान के सीक्वल की घोषणा हुई थी। अब इस पर लेटेस्ट अपडेट आया है, जिसे जानकर फैंस थोड़े खुश नहीं होंगे। फिल्म का नाम 'पवन पुत्र भाईजान' होगा। रिपोर्ट्स की मानें तो इसमें करीना कपूर की जगह साउथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े को कास्ट किया गया है। दरअसल, सलमान खान की पवन पुत्र भाईजान और इसकी कहानी लेखक विजयेंद्र प्रसाद लिख रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान ने 'पवन पुत्र भाईजान' में करीना कपूर की जगह पूजा हेगड़े को लिया है। हालांकि, यह क्लियर नहीं हुआ है कि करीना ये किरदार प्ले करेंगी या पूजा उनकी जगह लेंगी। बता दें कि भाईजान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में उनकी जोड़ी पूजा साथ ही है।




## 'मैदान' में फुटबॉल कोच के रूप आए नजर

मुंबई। अजय देवगन की मचअवेटेड फिल्म 'मैदान' का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म में अजय देवगन एक फुटबॉल कोच के रूप में नजर आ रहे हैं। ये फिल्म आजादी के बाद फुटबॉल के गोल्डन फेज के बारे में बात करती है जब भारतीय टीम ने लगातार दो बार ओलंपिक्स में जगह बनाई थी। अजय ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'मैदान में उतरेंगे ग्यारह लेकिन दिखेंगे एक।' यहां बता दें कि फिल्म का निर्देशन अमित रवींद्रनाथ शर्मा ने किया है। फिल्म 'मैदान' भारतीय फुटबॉल के सुनहरे सालों पर आधारित है. इस फिल्म में अजय का किरदार महान कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिन्हें भारतीय फुटबॉल के पिता के तौर पर जाना जाता है। रहीम 1950 से 1963 तक (निधन होने तक) भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मैनेजर थे।

टीवी मसाला



## शेखर सुमन के फ्लॉप बेटे की किस्मत चमकाएंगे रोहित..!

मुंबई बॉलीवुड डायरेक्टर रोहित शेट्टी का टीवी रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' का नया सीजन जल्द ही लॉन्च होने को तैयार है। शो की टीम फिलहाल शो कंटेस्टेंट के लिए टीवी और बॉलीवुड सितारों को अप्रोच करना शुरु कर दिया है। खबर है कि असीम रियाज़, शिव ठाकरे, नक्कुल मेहता, अंकिता गुप्ता, अर्चना गौतम, मुनव्वर फारूकी और सनाया ईरानी ने इस शो के लिए अपनी स्वीकृति दे दी है। अब बारी है शेखर सुमन के बेटे अध्ययन सुमन। खबरों की मानें तो रोहित शेट्टी की टीम ने अध्ययन सुमन को इस शो में आने के लिए अप्रोच किया है। टीवी की रिपोर्ट्स के अनुसार, स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो के लिए फेमस एक्टर अध्ययन सुमन को भी संपर्क किया गया है। रिपोर्ट में शो के करीबी सूत्रों का हवाला देकर बताया कि निर्माता अध्ययन के साथ बातचीत कर रहे हैं और अगर सब कुछ ठीक रहा तो अध्ययन खतरों के खिलाड़ी के आगामी सीजन में दिखाई देंगे।

### बिग बॉस को किया रिजेक्ट

आपको बता दें कि इस शो से पहले अध्ययन को पहले बिग बॉस के लिए संपर्क किया गया था लेकिन उन्होंने इस ऑफर को ठुकरा दिया था। वह कंट्रोवर्सी रियलिटी सीरीज में शामिल नहीं होना चाहते थे। हालांकि, वह खतरों के खिलाड़ी करने के इच्छुक हैं क्योंकि इस रियलिटी शो की नेचर अलग है।

### विवियन से तलाक के बाद वाहबिज दोराबजी की बुरी थी हालत

मुंबई। टीवी एक्टर विवियन डीसेना और एक्ट्रेस वाहबिज दोराबजी ने अपनी आठ साल की शादी को कानूनी तौर पर पहले ही खत्म कर दिया।



मीडिया के सूत्रों के अनुसार, विवियन से अलग होने के बाद वाहबिज के अंदर डायबिटीज की समस्या घर कर गई थी। वाहबिज अपनी हेल्थ को लेकर परेशान रहती थीं। अब मेडिकल कंडीशन को बहुत हद तक ठीक कर लिया गया है। वाहबिज इस दौरान अपनी लाइफ को हैपिली एंजॉय कर रही हैं। कपल ने 2013 में शादी की थी लेकिन 2016 के बाद से वे एक ही छत के नीचे नहीं रहे। एक साल बाद विवियन-वाहबिज ने तलाक के लिए अर्जी दी। विवियन और वाहबिज ने कहा कि अलगाव आपसी सहमति से हुआ है।

## ऐश्वर्या की 'पोन्नियिन सेल्वन-2' का ट्रेलर लांच

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय की आने वाली फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दक्षिण भारतीय फिल्मकार मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फैंस ऐश्वर्या और विक्रम की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री के साथ-साथ उनकी परफॉर्मेंस की खूब तारीफ कर रहे हैं। 'पोन्नियिन सेल्वन पार्ट 2', 28 अप्रैल 2023 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म को तमिल और तेलुगू के अलावा हिंदी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म प्रसिद्ध लेखक कल्कि कृष्णमूर्ति के इसी नाम के मशहूर उपन्यास पर आधारित है,



इसमें चियान विक्रम, ऐश्वर्या राय बच्चन, कार्थी, जयम रवि और त्रिशा कृष्णन जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'पोन्नियिन सेल्वन 1' वर्ष 2022 रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड फिल्म ने 450 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया था। पोन्नियिन सेल्वन 2 के ट्रेलर की शुरुआत सिंहासन के नए उत्तराधिकारी की घोषणा के साथ होती है।

## अप्रैल में सिनेमाघरों और ओटीटी पर धूम मचाएंगी कई बड़ी फिल्में और सीरीज...

नई दिल्ली। अप्रैल का महीना मूवीज के शौकीनों के लिए काफी एक्साइटमेंट से भरा होने वाला है। दरअसल अप्रैल में कई बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में और ओटटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली हैं। मार्च का महीना खत्म होने वाला है। ऐसे में फिल्मों और वेब सीरीज के शौकीनों की भी ये जानने के लिए उत्सुकता बढ़ गई है कि अप्रैल में कौन सी फिल्में थिएटर में और कौन सी ओटोटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही है। बता दें कि 2023 में सिनेमाघरों में कई बड़ी फिल्में रिलीज होंगी वहीं ओटोटी पर भी कई शोज और सीरीज दस्तक देंगे।




**गौतम कार्तिक की अगस्त 16, 1947:** अगस्त 16, 1947 में गौतम कार्तिक ने लीड रोल प्ले किया है। इसे एनएस पोनकुमार ने बनाया है। ये फिल्म 7 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

**आदित्य राय की डबल रोल वाली गुमराह :** आदित्य रॉय कपूर के डबल रोल वाली फिल्म गुमराह भी सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ये फिल्म 7 अप्रैल को थिएटर में दस्तक देगी। वर्धान केतकर के डायरेक्शन में बनी गुमराह में मृणाल ठाकुर और रोनित रॉय ने भी अहम रोल प्ले किया है।

**सलमान की किसी का भाई किसी की जान :** सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। फरहाद शामजी के डायरेक्शन में बनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 21 अप्रैल को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में जगपति बाबू, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम और वेंकटेश दग्गुबाती भी अहम रोल में नजर आएंगे। 'किसी का भाई किसी की जान' में शहनाज गिल और पलक तिवारी बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। फिल्म में राम चरण का भी कैमियो रोल देखने को मिलेगा।

### ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्में

प्रियंका चोपड़ा की लीड रोल वाली वेब सीरीज 'सिटाडेल' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। बता दें कि 28 अप्रैल को इसके पहले दो एपिसोड का प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होगा। इस सीरीज में प्रियंका चोपड़ा एक जासूस की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनके साथ रिचर्ड मैडेन, लेस्ली मैनविल और स्टेनली टुकी भी हैं।

द मार्वलस मिसेज मेजल 5 : रेचल ब्रासनन, माइकल जीगन की एक्टिंग से सजी सीरीज 1950 के दशक की कहानी कहती है। द मार्वलस मिसेज मेजल का पांचवा सीजन है। ये इस सीरीज का आखिरी सीजन भी होगा। ये शो 14 अप्रैल को अमेजॉन प्राइम वीडयो पर आएगा।

टूथ परीः वेन लव बाइट्स : तान्या मानिकताला, शांतनु माहेश्वरी स्टारर शो टूथ परीः वेन लव बाइट्स को प्रीतम डी गुप्ता ने बनाया है। सीरीज काफी सस्पेंस से भरी है। ये 20 अप्रैल 2023 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### बीपी रहेगा कंट्रोल, हार्ट और डाइबिटीज में भी है बड़ा रोल

# स्वाद ही नहीं सेहत का भी ख्याल रखता है तिल का तेल

*आजकल लाइफस्टाइल की वजह से कम उम्र में ही हार्ट डिजीज, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं देखने को मिल रही है। ऐसे में तिल का तेल वरदान साबित हो सकता है। रोजाना इसके सेवन से गजब का फायदा मिलता है। तिल का तेल खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाता आपको सेहतमंद भी रखता है। दिल की सेहत से लेकर डायबिटीज को कंट्रोल करने में तिल का तेल काफी फायदेमंद होता है। तिल का तेल दिल की सेहत के लिए वरदान से कम नहीं है।*

अगर आप हर दिन तिल के तेल को कुकिंग ऑयल की तरह इस्तेमाल करते हैं तो इसमें मौजूद पोषक तत्व हार्ट को मजबूत बनाने के साथ ही इन्फ्लेमेशन से भी आपको बचाते हैं। यह सूरज की किरणों से स्किन को भी डैमेज नहीं होने देता है। वेबएमडी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, तिल के तेल में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिंस पाए जाते हैं, जिससे हेल्थ को कई सारे फायदे होते हैं।

### दिल को रखे दुरुस्त

इस तेल में ओमेगा-3, ओमेगा-6 और ओमेगा-9 फैटी एसिड का बैलेंस्ड रेशो पाया जाता है। ओमेगा-3 और ओमेगा-6 पॉलीअनसैचुरेटेड होते हैं। वहीं, ओमेगा-9 फैटी एसिड मोनोअनसेचुरेडेट होता है। कुछ स्टडी के मुताबिक, तिल का तेल एलडीएल कोलेस्ट्रॉल और ट्राईग्लाइसेराइड्स को कम करने में भी मदद करता है। स्टडी के मुताबिक, इन हेल्दी फैट्स को अगर आप डाइट में रखते हैं तो दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है।



### स्ट्रेस-डिप्रेशन छूमंतर

आजकल की लाइफस्टाइल की वजह से डिप्रेशन की समस्या आम होती जा रही है। युवाओं में मेंटल हेल्थ की समस्या देखी जा रही है। ऐसे में तिल का तेल काफी असरदार हो सकता है। इसके इस्तेमाल से तनाव और डिप्रेशन जैसी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। इससे स्ट्रेस और डिप्रेशन से बाहर निकले में मदद मिल सकती है।

### स्किन डैमेज

धूप से कई लोगों की स्किन डैमेज होने लगती है। ऐसे में तिल का तेल फायदेमंद होता है। कुछ रिसर्च में पाया गया है कि तिल के तेल में पाया जाने वाला एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन को यूवी डैमेज से बचाने में मददगार होता है। इस तेल में 30 प्रतिशत तक यूवी किरणें रोकने की क्षमता है जबकि बाकी तेल सिर्फ 20 प्रतिशत तक ही ऐसा कर सकते हैं।

### इनफ्लेमेशन से बचाता है

तिल के तेल का इस्तेमाल एंटी-इन्फ्लेमेटरी मेडिसिन के तौर पर होता रहा है। जोड़ों का दर्द, दांतों के दर्द, कट या प्रीमैन्स्टूअल क्रैम्प्स में इसका इस्तेमाल किया जाता है। भारतीय घरों में लंबे समय से इसका इस्तेमाल होता है।

### डायबिटीज कंट्रोल करने में मददगार

डायबिटीज के मरीजों के लिए तिल का तेल रामबाण होता है। यह ब्लड शुगर लेवल को रेगुलेट करने में मदद कर सकता है। एक स्टडी में पाया गया है कि अगर वयस्क तिल के तेल का सेवन करते हैं तो उनमें फास्टिंग ब्लड शुगर और हीमोग्लोबिन एवनसी में कमी होता है।

## फिलीपीन में यात्री जहाज में आग, जिंदा जले 31 लोग

**मनीला, (एजेंसी)।** दक्षिणी फिलीपींस में एक यात्री जहाज (फेरी) में आग लगने से करीब 31 लोग जिंदा जल गए। न्यूज एजेंसी ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि 230 से ज्यादा लोगों को बचा लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिस फेरी में आग लगी है उसका नाम लेडी मैरी जॉय 3 है। जब यह हादसा हुआ तब यह फेरी मिंडानाओ द्वीप पर जाम्बोआंगा शहर से सुलू प्रांत में जोलो द्वीप जा रही थी। आपदा अधिकारी निक्सन अलोंजो ने कहा कि आग लगने के बाद जहाज पर सवार कई यात्री कूद गए।

## दिल्ली में डोभाल और यूके के एनएसए की मुलाकात

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** नई दिल्ली में भारत के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजीत डोभाल और यूके के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर के बीच बैठक हो रही है। हालांकि, अभी तक पता नहीं चल पाया है, कि दोनों एनएसए के बीच किस मुद्दे पर बैठक हो रही है। ये बैठक उस वक्त हो रही है, जब खालिस्तानियों के मुद्दे पर भारत-यूके में विवाद बढ़े हैं। खालिस्तानियों ने इस महीने लंदन में भारतीय उच्चायोग से तिरंगा हटाने की कोशिश की थी, जिसके बाद भारत सरकार ने भी दिल्ली में यूके उच्चायोग के बाहर से सुरक्षा बैरिकेड्स हटा लिए थे।

## नौ साल की इंस्टा क्वीन ने तौलिए से दी जान

**तमिलनाडु,(एजेंसी)।** पेरियाकुप्पम में एक पिता ने अपनी 09 साल की बेटी प्रतीक्षा को पढ़ाई करने के लिए बोला। इससे गुस्साई प्रतीक्षा ने तौलिए से लटकर अपनी जान दे दी। बता दें, प्रतीक्षा अक्सर सोशल मीडिया पर अपने वीडियो अपलोड करती थी। इसके चलते उसके पड़ोसी प्यार से उसे इंस्टा क्वीन कहते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कृष्णमूर्ति ने बेटी प्रतीक्षा को अपनी ससुराल के पास खेलते हुए देखा। इस पर उन्होंने प्रतीक्षा को घर जाकर पढ़ाई करने के लिए बोल दिया था।

## पाक सरकार के ट्विटर अकाउंट पर लगाई रोक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर ट्विटर ने रोक लगा दी है। भारत की कानूनी तौर पर मांग पर सोशल मीडिया वेबसाइट ने कार्रवाई कर पाकिस्तान सरकार के अकाउंट को ट्विटर ने भारत में बंद किया है। भारत की ओर से इस अकाउंट को ब्लॉक करने के लिए वैद्य कोर्ट के आदेश को पेश किया गया था, जिसके बाद नियम के अनुसार ब्लॉक कर दिया। ऐसे में पाकिस्तान सरकार के ट्विटर अकाउंट अब उपलब्ध नहीं है।

## भारतीय मूल के बंगा निर्विरोध बनेंगे विश्व बैंक के अध्यक्ष

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारतीय मूल के अजय बंगा का निर्विरोध विश्व बैंक का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है। बुधवार को नामांकन समाप्त हो गए और किसी भी अन्य देश ने सार्वजनिक रूप से वैकल्पिक उम्मीदवार का प्रस्ताव नहीं दिया है। पूर्व मास्टरकार्ड इंक के मुख्य कार्यकारी को राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा पिछले महीने समर्थन मिला, जब वर्तमान अध्यक्ष डेविड मलपास ने लगभग एक साल पहले पद छोड़ने की योजना की घोषणा की थी। भारत ने विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अजय बंगा की उम्मीदवारी का समर्थन किया है।

## पाकिस्तान को संकटमोचक बन सऊदी अरब देगा ऋण

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पाकिस्तान इस समय घनघोर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। ऐसे में पाकिस्तान को उम्मीद की एक नई किरण दिखाई पड़ी है। उसकी मदद के लिए अब दूसरे मुस्लिम देश सऊदी अरब ने आगे आने के संकेत दिए हैं। पाकिस्तान ने बुधवार को दावा किया कि सऊदी अरब ने उसे अतिरिक्त ऋण के संकेत दिए हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ जारी गतिरोध को तोड़ने में मददगार हो सकता है। पाकिस्तान के अखबार की एक रिपोर्ट में कहा है कि वित्त राज्य मंत्री डॉ. आयशा पाशा ने एक संसदीय समिति की बैठक में भाग लेने के बाद ऋण राशि की व्याख्या किए बिना कहा कि हमें सऊदी अरब से कुछ मिलने का संकेत मिला है।

## आज का इतिहास

- 1774: भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया।
- 1865: पहली भारतीय महिला चिकित्सक आनंदीबाई गोपालराव जोशी का जन्म।
- 1938: दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का जन्म।
- 1945: लोकसभा की पहली महिला अध्यक्ष मीरा कुमार का जन्म।
- 1959: 1959-बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई।
- 1938: कोलंबियाई शहर पोपायन में आए विनाशकारी भूकंप में करीब 500 लोगों की मौत।
- 2010: भारत में मान्यता प्राप्त हर प्राइवेट स्कूल में गरीब बच्चों के लिए 25 फीसदी सीटें आरक्षित करने का कानून बनाया गया।

### राहुल मामले पर जर्मनी के बोल से राजनीति गर्माई

# भाजपा बोली विदेशी दखल नहीं बर्दाश्त

### कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने जर्मनी को कहा... धन्यवाद

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा जाने के मुद्दे पर अमेरिका के बाद जर्मनी भी प्रतिक्रिया दे चुका है। अब इसे लेकर भारत में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच विवाद शुरू हो गया है। एक ओर जहां कांग्रेस नेता जर्मनी का धन्यवाद कर रहे हैं। वहीं, भाजपा ने साफ कर दिया है कि विदेशी दखल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बता दें कि बुधवार को जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि हमारी जानकारी के अुसार, राहुल गांधी फैसले पर अपील कर सकते हैं। इसके बाद यह साफ हो जाएगा कि फैसला टिक सकता है और क्या इस निलंबन का कोई आधार है या नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में न्यायिक स्वतंत्रता के मानक और लोकतांत्रिक सिद्धांतों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने प्रतिक्रिया पर जर्मनी का धन्यवाद दिया है। उन्होंने ट्वीट किया कि राहुल गांधी के उत्पीड़न के जरिए भारत में कैसे लोकतंत्र के साथ समझौता किया जा रहा है, इसका संज्ञान लेने के लिए जर्मनी के विदेश मंत्रालय और रिचर्ड वॉकर का शुक्रिया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू कांग्रेस नेता के ट्वीट पर पलटवार किया है। उन्होंने लिखा कि भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने के लिए विदेशी ताकतों को बुलाने के लिए राहुल गांधी का धन्यवाद। याद रहे कि भारतीय न्याय पालिका पर विदेशी दखल का असर नहीं होगा। भारत विदेशी प्रभाव को अब और बर्दाश्त नहीं करेगा, क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

हाल ही में राहुल गांधी का ब्रिटेन दौरा विवादों में आ गया था। भाजपा ने उस दौरान उनपर अन्य देशों को भारत में दखल के लिए आमंत्रित करने के आरोप लगाए थे।

## पटना कोर्ट में 12 अप्रैल को सशरीर हों हाजिर राहुल

**पटना,(एजेंसी)।** राहुल गांधी को पटना के कोर्ट में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया है। एमपी एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को 12 अप्रैल को सूरत जैसी एक मानहानि के एक दूसरे मुकदमे में पेश होने के लिए कहा है। कुछ दिनों पहले सूरत के कोर्ट में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई गई थी। पटना एमपी एमएलए कोर्ट में राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित होने का आदेश जारी हुआ है। राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने याचिका दायर की थी।

## विदेशी अदालत में घसीटूंगा: ललित मोदी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आईपीएल के संस्थापक रहे ललित मोदी ने गुरुवार को जमकर हमला बोला और कहा कि मोदी सरनेम विवाद में वह सांसदी गंवाने वाले नेता को ब्रिटिश अदालत में खींचेंगे। ललित मोदी ने भगोड़ा कहे जाने पर भी आपत्ति जताई है और कहा है कि इस मुद्दे को भी अदालत में लाएंगे। ललित मोदी का यह हमला राहुल गांधी को मोदी सरनेम पर उनकी टिप्पणी से जुड़े 2019 के मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने और दो साल की सजा दिए जाने के कुछ दिनों बाद आया है।

## पाक पत्रकार हामिद ने की इमरान से तुलना

पाकिस्तान के पत्रकार हामिद मीर ने एक ऑपिनियन लेख में पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान और राहुल गांधी के बीच समानताओं का जिक्र करते हुए कहा है कि विदेश में पढ़े दोनों नेताओं की संसद सदस्यता जा चुकी है। एक तरफ इमरान सही उर्दू बोल सकते हैं लेकिन ठीक से पढ़ नहीं सकते, वहीं दूसरी तरफ, राहुल गांधी संसद में हिंदी पढ़ने के लिए रोमन लिपि का इस्तेमाल करते हैं। इमरान और राहुल द्वारा आटे की माप के लिए किलो के बजाए लीटर शब्द के इस्तेमाल को लेकर हामिद मीर लिखते हैं, अपने कार्यकाल और शहबाज शरीफ के कार्यकाल में आटे की कीमतों की तुलना की है।

## राहुल से सहारा ना मिलता तो जिंदा ना होती: एक्ट्रेस राम्या

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कन्नड़ अभिनेत्री राम्या ने कहा कि राहुल गांधी से इमोशनल सपोर्ट न मिलता तो मैं आज जिंदा ना होती बल्कि आत्महत्या कर चुकी होती। दिव्या स्पंदना के नाम से मशहूर राम्या लोकसभा की सांसद भी रह चुकी हैं। पिता की मौत के बाद मेरे मन में आत्महत्या के ख्याल आने लगे थे, तब राहुल गांधी ने मुझे भावनात्मक तौर पर सहारा दिया था। एक कन्नड़ टॉक शो में राम्या ने कहा कि पिता के निधन के दो सप्ताह बाद मैं संसद गई थी। मैं किसी को जानती नहीं थी।

# शरद पवार की कोशिशें रहीं बेकार

### सावरकर पर कांग्रेस का भाजपा से फिर सवाल



नई दिल्ली, (एजेंसी)। वीर सावरकर के मुद्दे पर कांग्रेस के सुर नरम होने के आसार नहीं हैं। पार्टी ने एक बार फिर सावरकर और छत्रपति संभाजी महाराज का नाम लेकर भारतीय जनता पार्टी से सवाल पूछा है। सावरकर के नाम पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और कांग्रेस बढ़ती रार के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने बात संभाली थी।

मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सवाल किया है कि सावरकर ने छत्रपति संभाजी महाराज को लेकर जो कहा है, क्या भाजपा उसे स्वीकार करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले इसका जवाब दे, बाद में अन्य मुद्दों पर बात की जाएगी। इस दौरान उन्होंने यह भी साफ किया है कि महाविकास अघाड़ी में वैचारिक मुद्दों पर मत अलग हो सकते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि दल बंटे हुए हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में सावरकर की किताब Si& Glorious Epochs के हवाले से कहा गया है कि छत्रपति शिवाजी महाराज के निधन के बाद संभाजी मराठा साम्राज्य पर शासन करने में सक्षम नहीं थे। उनके साथ गुस्सैल, शराबी होने जैसी बातें थीं। आगे कहा गया, छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी बहादुर थे, लेकिन सक्षम पुत्र नहीं थे और वह विशाल मराठा साम्राज्य को नहीं चला सकते थे।

बता दें कि सावरकर पर टिप्पणी को लेकर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चेतावनी दे चुके हैं।

## दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर क्रैश नौ अमेरिकी जवानों की मौत

मनीला, (एजेंसी)। फोर्ट कैंपबेल के सार्वजनिक मामलों के ऑफिस ने कहा कि चालक दल के सदस्य 101 वें एयरबोर्न डिवीजन के ऑपरेटेड दो एचएच -60 ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर उड़ा रहे थे। ये बुधवार देर रात केंटकी के ट्रिग काउंटी में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

अमेरिका के दो अत्याधुनिक लड़ाकू हेलीकॉप्टर ब्लैक हॉक दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। ये हेलीकॉप्टर केंटकी में उड़ रहे थे इस दौरान टकराव के चलते उनमें आग लग गई। दुर्घटना में 9 सैनिकों की जान चली गई है। यूएस के लोकल मीडिया ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक, अमेरिकी सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि केंटकी के ऊपर एक नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटनाग्रस्त होने से 09 सैनिकों की मौत हो गई। फोर्ट कैंपबेल के सार्वजनिक मामलों के ऑफिस ने कहा कि चालक दल के सदस्य 101 वें एयरबोर्न डिवीजन के ऑपरेटेड दो एचएच -60 ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर उड़ा रहे थे।

## रूस में जासूसी अमेरिकी पत्रकार को किया गिरफ्तार



मास्को, (एजेंसी)। रूस में एक अमेरिकी पत्रकार को जो कि वॉल स्ट्रीट जर्नल के लिए काम करता है जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। रूस की शीर्ष सुरक्षा एजेंसी ने यह जानकारी दी। शीत युद्ध के बाद से जासूसी के आरोपों में किसी अमेरिकी पत्रकार की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है। संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने गुरुतिवार को बताया कि इवान गेर्शकोविच को येकातेरिनबर्ग के यूराल माउंटेन्स शहर में कथित तौर पर गोपनीय जानकारी हासिल करने की कोशिश करते हुए हिरासत में लिया गया।

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक बयान में कहा कि वह गेर्शकोविच की गिरफ्तारी से बहुत चिंतित है। यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूस और पश्चिमी देशों में तनाव बढ़ने के बीच उन्हें गिरफ्तार किए जाने का मामला आया है। सितंबर 1986 के बाद रूस में जासूसी के आरोपों में गिरफ्तार होने वाले गेर्शकोविच पहले संवाददाता हैं।

## पैकेट पर दही लिखा, मुख्यमंत्री स्टालिन बोले-हिंदी मत थोपो

### तमिलनाडु: भाषा विवाद में अब दही की एंट्री



चेन्नई, (एजेंसी)। तमिलनाडु में दही के नाम पर अब सियासत शुरू हो गई है। राज्य के दूध उत्पादन संघ आविन ने कहा है कि वह अपने पैकेट पर दही शब्द नहीं लिखेगा। उसकी जगह तमिल शब्द तायिर का ही इस्तेमाल करेगा।

एफएसएसएआई ने पैकेट पर कर्ड हटाकर दही लिखने का निर्देश दिया था। जिसके बाद तमिलनाडु के लोग इसके विरोध में उतर आए थे। वहीं, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी इसका विरोध किया है। उन्होंने दक्षिण भारत के लोगों पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। सरकार के दखल के बाद राज्य के दुग्ध विकास मंत्री एसएम नसर ने एफएसएसएआई को लेटर लिखा है।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने एक न्यूज रिपोर्ट को हवाला देते हुए कहा कि हिंदी लागू करने की जिद इस हद तक आ गई है कि हमें कर्ड के पैकेट को भी हिंदी में करने के निर्देश से दक्षिण राज्यों की भाषा पिछड़ रही है।

## पुतिन के दोस्त की मदद पड़ी महंगी, चार बैंकर निलंबित

नई दिल्ली, (एजेंसी)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक दोस्त को स्विस बैंकों में बड़ी रकम जमा करने की अनुमति देने वाले चार बैंकरों को नियमों के तहत ठीक से जांच पड़ताल नहीं करने का दोषी पाया गया है। रूस के गैजप्रॉम बैंक की ज्यूरिक शाखा के पूर्व अधिकारियों को पुतिन का बटुआ नाम से मशहूर संगीतकार सर्गेई रोल्डुगिन की मदद करने के लिए सात महीने के लिए निलंबित किया है।

रोल्डुगिन ने कथित तौर पर 2014 और 2016 के बीच लगभग 30 मिलियन पाउंड जमा किए थे। स्विस कानून के तहत, बैंकों को खाताधारक या धन स्रोत संदेह होने पर खातों को बंद करने का अधिकार है। रोल्डुगिन, एक चेलो वादक और राष्ट्रपति पुतिन की सबसे बड़ी बेटी, मारिया के गॉडफादर हैं। पुतिन ने उन्हें सम्मानित भी किया है। दोषी बैंकरों में तीन रूसी और एक स्विस नागरिक हैं। स्विस प्रतिबंधों के तहत उनकी पहचान उजागर नहीं की जा सकती।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने सलमान पर केस किया खारिज



मुंबई, (एजेंसी)। बॉम्बे हाई कोर्ट से गुरुवार को बॉलीवुड के दबंग सलमान खान को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने 2019 में सलमान खान के खिलाफ लगे आरोपों को खारिज कर दिया है। बता दें कि 2019 में सलमान खान और उनके बॉडीगार्ड नवाज शेख पर आरोप लगा था कि उन्होंने फोन छीन लिया था।

सलमान खान के खिलाफ यह शिकायत एक पत्रकार ने की थी, लेकिन अब सलमान खान को इस मामले में कोर्ट ने राहत देते हुए उनके खिलाफ आरोप को खारिज कर दिया है। पत्रकार आशोक पांडे ने आरोप लगाया था कि सलमान खान और उनके बॉडीगार्ड ने उनके साथ बदसलूकी की थी और उन्हें शोषित किया था।

## यूएई राष्ट्रपति ने बड़े बेटे को क्राउन प्रिंस बनाया



नई दिल्ली, (एजेंसी)। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति ने अपने बड़े बेटे को क्राउन प्रिंस बनाया है। खाड़ी देश की राजशाही में इसका मतलब है विरासत सौंपना और सत्ता पर परिवार की पकड़ को बनाए रखना।

राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाह्यान ने अपने बड़े बेटे शेख खालिद को संयुक्त अरब अमीरात के सबसे धनी अमीरात का क्राउन प्रिंस बनाया है। यूएई में यह पद अगले नेता या राष्ट्रपति को देने की परंपरा रही है। 62 साल के शेख मोहम्मद यूएई के असली शासक रहे हैं, हालांकि उन्हें राष्ट्रपति का पद पिछले साल उनके सौतेले भाई और शेख खलीफा की मौत के बाद मिला।

## यूपी में नगरीय निकाय चुनाव का नोटिफिकेशन जारी

लखनऊ, (ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर गुरुवार को आरक्षण लिस्ट जारी कर दी गई है। इसके अनुसार आगरा अनुसूचित जाति महिला झांसी अनुसूचित जाति, शाहजहांपुर पिछड़ा वर्ग महिला, फिरोजाबाद पिछड़ा वर्ग महिला, सहारनपुर पिछड़ा वर्ग, मेरठ पिछड़ा वर्ग, लखनऊ महिला, कानपुर महिला, गाजियाबाद महिला, वाराणसी, प्रयागराज, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, अयोध्या, मथुरा, वृंदावन अनारक्षित सीट होगी। प्रदेश में 17 नगर निगमों के महापौर उम्मीदवारों के लिए आरक्षण लिस्ट जारी हुई है, जबकि शेष सीटों पर भी जल्द नोटिफिकेशन जारी होगा। उत्तर प्रदेश में लगभग 762 नगर निकायों के लिए चुनाव होने हैं, जिनमें नगर निगम की 17 और नगर पालिका परिषद की 200 है जबकि अन्य सीटें नगर पंचायतों की हैं। ऐसी उम्मीद है कि मई में निकाय चुनाव हो सकते हैं।

## राजस्थान में राइट टू हेल्थ बिल पर बवाल डॉक्टर सड़कों पर, अस्पतालों पर ताला




जयपुर, (ब्यूरो)। राजस्थान की सड़कों पर आम दिनों की तरह वाहनों की कतारें हैं, लेकिन निजी अस्पतालों पर ताला है और डॉक्टर सड़कों पर उतर आए हैं। राजस्थान विधानसभा में 21 मार्च को पास हुए राइट टू हेल्थ बिल को लेकर डॉक्टर्स का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है।

राज्य में बुधवार को सभी निजी और सरकारी डॉक्टर्स एसोसिएशन ने एक दिन की हड़ताल बुलाई। राज्य के अधिकतर निजी अस्पताल बिल पेश होने के बाद से ही पूरी तरह बंद हैं। सवाई मानसिंह अस्पताल में चरक भवन के नजदीक जयपुर मेडिकल एसोसिएशन कार्यालय में बड़ी संख्या में डॉक्टर्स इकट्ठा हुए। चार डॉक्टर क्रमिक अनशन पर मंच से बिल के विरोध में आवाजें बुलंद की जा रही हैं। कार्यालय के बाहर राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में बैनर लगा कर डॉक्टर ई-रिक्शा चला रहे हैं, जूस की दुकान लगाकर विरोध दर्ज करा रहे हैं। इस बीच बुधवार रात रेजिडेंट डॉक्टर्स की सरकार के साथ बातचीत हुई. इसमें सहमति बनने के बाद कई रेजिडेंट डॉक्टर्स गुरुवार सुबह से काम पर लौट आए हैं लेकिन निजी विरोध कर रहे हैं।

## टिकटॉक के चलते गोला बारूद नहीं बना पा रहा नॉर्वे

ओस्लो, (एजेंसी)। भारत में काफी समय पहले ही बैन हो चुका टिकटॉक दूसरे देशों में भी मुसीबत है। भारत के बाद कई यूरोपीय देश टिकटॉक पर सख्त पाबंदियां लगा चुके हैं। अब एक और यूरोपीय देश नॉर्वे भी टिकटॉक से परेशान है। टिकटॉक के चलते नॉर्वे की रक्षा फर्म गोला बारूद तक नहीं बना पा रही है।

एक रिपोर्ट के अनुसार नॉर्वे की एक रक्षा कंपनी ने कहा है कि वह अपने कारखाने का विस्तार करने और गोला-बारूद बनाने में असमर्थ है। फर्म का कहना है कि मध्य नॉर्वे क्षेत्र में एक डेटा सेंटर है जो उस एरिया की सभी बिजली का इस्तेमाल कर रहा है।

## पाकिस्तान में खत्म किया गया देशद्रोह कानून, लाहौर हाईकोर्ट ने किया रद्द




लाहौर,(एजेंसी)। लाहौर उच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में देशद्रोह कानून को खत्म कर दिया। कोर्ट ने इसे मनमाना बताते हुए खारिज कर दिया। लाहौर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शाहिद करीम ने गुरुवार को देशद्रोह से संबंधित पाकिस्तान दंड संहिता (पीपीसी) की धारा 124-ए को रद्द कर दिया।

अदालत ने देश के कई नागरिकों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिकाओं में देशद्रोह कानून को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि सरकार ने इसका इस्तेमाल अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ किया है।

देशद्रोह कानून को लेकर सेलमन अबुजार नियाजी और अन्य की याचिकाओं पर सुनाई के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया था जिसे गुरुवार को सुनाया गया। याचिकाओं में सरकार के खिलाफ बोलने वालों के खिलाफ देशद्रोह के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किए जाने को चुनौती दी गई थी।

## कैसे छूटे जयपुर सीरियल ब्लास्ट के आरोपी: सचिन

### गहलोत सरकार पर साधा पायलट ने निशाना

जयुपर, (एजेंसी)। राजस्थान में एक बार फिर अशोक गहलोत सरकार पर सचिन पायलट ने निशाना साधा है। दरअसल, राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा 2008 के जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले में चार दोषियों को बरी करने के एक दिन बाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने गुरुवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह विभाग पर सवाल उठाया।

पायलट ने कहा कि सभी जानते हैं कि विस्फोट हुए और आरोपी पकड़े गए। अगर निचली अदालत द्वारा मौत की सजा पाए आरोपियों को जांच के अभाव में रिहा किया जाता है तो यह गंभीर मामला है। जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पीड़ितों को जवाब देना है, उन्हें न्याय दिलाना है। अगर हमें कोर्ट से इंसाफ नहीं मिल रहा है तो कुछ कमी है। पायलट ने गुरुवार को जयपुर स्थित अपने आवास पर मीडिया से कहा कि गृह विभाग और विधि विभाग को यह देखना होगा कि फांसी की सजा सुनाने के बाद भी यदि हाईकोर्ट में जांच में खामियों के कारण आरोपी बरी होता है तो यह बेहद गंभीर मामला है।

**बला का बवाल** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एलन मस्क और एप्पल को-फाउंडर ने दी चेतावनी

## तबाह करेगा भविष्य, चंद बोले- सुनहरा कल



नई दिल्ली, (एजेंसी)। तकनीकी दुनिया के दिग्गजों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर मानवता पर खतरे की आशंका जताई है। कुछ लोग इसे व्यर्थ की हायतौबा तो कुछ लोग जरूरी चिंता बता रहे हैं। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर लगातार कई विशेषज्ञों की राय सामने आ रही है। कोई इसे मानव भविष्य के लिए खतरा बता रहा है तो कोई इससे नौकरियों में कमी होने का खतरा बता रहा है। साथ ही कई लोग इसे आने वाला कल बता रहे हैं। अरबपति और ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क ने एआई को लेकर चिंता जताई है। मस्क ने शक्तिशाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम के विकास को रोकने की चेतावनी दी है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह सुरक्षित है। एलन मस्क और कई टेक एक्सपर्ट्स ने भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के डेवलपमेंट को बंद करने की मांग की है। उनका मानना है कि एक समय के बाद एआई इंसानों पर हावी हो सकता है और मानव भविष्य को इससे खतरा हो सकता है। एलन मस्क और एपल के को-फाउंडर स्टीव वोज्नियाक के साथ 1000 से अधिक टेक एक्सपर्ट्स ने सैन फ्रांसिस्को स्टार्टअप ओपनएआई के तक्क्ष-4 के हालिया रिलीज को लेकर एक ओपन लेटर जारी किया है। पॉज जायंट एआई एक्सपेरिमेंट्स शीर्षक वाले इस ओपन लेटर में कहा गया है कि मानव-प्रतिस्पर्धी इंटेलिजेंस वाले एआई सिस्टम समाज और मानवता के लिए गहरा जोखिम पैदा कर सकते हैं। शक्तिशाली एआई सिस्टम को केवल एक बार विकसित किया जाना चाहिए जब हम आश्वस्त हों कि उनका प्रभाव सकारात्मक होगा और उनके जोखिम को कंट्रोल किया जा सकता हो। मस्क ओपन एआई में एक शुरुआती निवेशक थे और वह कई साल तक इसके बोर्ड के सदस्य रहे हैं।

मस्क ने उनकी कार फर्म टेस्ला के सेल्फ-ड्राइविंग तकनीक को विकसित करने के लिए,ढ्ढ सिस्टम विकसित किया। हालांकि, मस्क और कई दूसरे टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स एआई के डेवलपमेंट को रोकना चाहते हैं।

क्रिकेट

# आईपीएल का रंगारंग आगाज आज, चार साल बाद ओपनिंग सेरेमनी, ड्रोन से होगा स्पेशल शो, तमन्ना बिखरेंगी जलवा

### डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइंटस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा पहला मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2023 की धमाकेदार शुरुआत शुक्रवार को हो रहा है। सीजन का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइंटस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं, इस मैच से पहले स्टेडियम में ग्रेंड ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन चार साल बाद किया जाएगा। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया, सिंगर अरिजीत सिंह जैसे स्टार परफॉर्म करेंगे।

वहीं, मैदान के साथ-साथ आसमान भी पूरा जगमगाएगा। फायरवर्क तो होगा साथ में खूबसूरत ड्रोन लाइट शो का भी होगा। इस शो में ड्रोन के जरिए आईपीएल की ट्रॉफी को आसमान में चमकता हुआ दिखाया जाएगा। साथ ही पहला मैच खेलने वाली सीएसके और गुजरात टाइटंस का लोगो भी आसमान में ड्रोन के जरिए चमचमाता नजर आएगा। वहीं, सोशल मीडिया पर ड्रोन के जरिए होने वाले लाइट शो की कुछ तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही है।

### तमन्ना, रश्मिका और अरिजीत करेंगे परफॉर्म



इस ग्रैंड ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया, रश्मिका मंधाना के साथ सिंगर अरिजीत सिंह परफॉर्म करने वाले हैं। वहीं, कुछ अन्य मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैटरीना कैफ और टाइगर श्रॉफ भी इस ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म कर सकते हैं।




### ओपनिंग सेरेमनी 6 बजे

बता दें कि आईपीएल 2023 की ओपनिंग सेरेमनी की शुरुआत 31 मार्च को सीएसके बनाम जीटी मैच से ठीक पहले शाम 6 बजे से होगी। जबकि गुजरात टाइटंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से शुरू होगा।

### मैच का प्रसारण

गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स मुकाबला और ओपनिंग सेरेमनी को आप स्टार स्पोर्ट्स, स्टार स्पोर्ट्स एचडी चैनल पर देख सकते हैं. वहीं, इसकी लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा ऐप पर फ्री में देखा सकता है।

### दो ग्रुपो में बंटी टीमें


ग्रुप ए : मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल और लखनऊ

ग्रुप बी : चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स

### 13 भाषाओं में होगी कमेंट्री, स्मिथ, गेल समेत दिग्गज बिखेरेंगे आवाज का जादू

दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रीमियर लीग आईपीएल के 16वें सीजन की शुरुआत 31 मार्च से होने वाली है। इस टूर्नामेंट के लिए जहां सभी 10 टीमों ने अपनी कमर कस ली है वहीं ब्रॉडकास्टर्स भी लोगों को शानदार अनुभव देने के लिए हर तरह के प्रयास कर रहे हैं। इस साल आईपीएल टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स और मोबाइल पर जियो सिनेमा पर देखा जा सकता है। इन दोनों ने कमेंट्री के लिए एक्सपर्ट्स की एक शानदार टीम खड़ी की है। इंडियन प्रीमियर लीग का देश के कोने-कोने में क्रेज है और इसका प्रसारण भी हर तरफ किया जाता है। ऐसे में इस साल देश भर में विभिन्न जगहों पर रहने वाले लोगों को अपनी भाषा में आईपीएल के रोमांच का आनंद उठाने का मौका मिलेगा। दरअसल स्टार स्पोर्ट्स और जियो सिनेमा को मिलाकर कुल 13 भाषाओं में कमेंट्री की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें पंजाबी, बंगाली, इंग्लिश, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मराठी, गुजराती, मलयालम, भोजपुरी, उड़िया और कन्नड शामिल हैं।





### ये दिग्गज करेंगे कमेंट्री

मुरली विजय, एस श्रीसंत, यूसुफ पठान, मिताली राज, आरोन फिंच , स्टीव स्मिथ, ओवैस शाह, जहीर खान, सुरेश रैना, अनिल कुंबले, रोबिन उथप्पा, पार्थिव पटेल, आरपी सिंह, प्रज्ञान ओझा, आकाश चोपड़ा, निखिल चोपड़ा, सबा करीम, अनंत त्यागी, रिधिमा पाठक, सुरभि वैध, ग्लेन सल्धना। संजना गणेशन, क्रिस गेल, डिविलियर्स, इयोन मोर्गन, ब्रेट ली, ग्रीम स्वान, ग्रीम स्मिथ, स्कॉट स्टायरिस, सुप्रिया सिंह और सोहेल चंडोक।

### 10 टीमें खेलेंगी 70 मैच

इस बार आईपीएल में 10 टीमों के बीच कुल 70 लीग मैच खेले जाएंगे। इस दौरान फैन्स को 18 डबल हेडर देखने को मिलेंगे। इस दौरान पहला मैच दोपहर 3:30 बजे और दूसरा मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। बता दें कि आईपीएल 2023 का आयोजन अहमदाबाद, मोहाली, लखनऊ सहित कुल 12 शहरों में होगा।

## गुजरात, चेन्नई के मुकाबले में 'इंपैक्ट प्लेयर्स' बढ़ाएंगे रोमांच

अहमदाबाद। गुजरात टाइटन्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सत्र के शुरुआती मुकाबले में जब करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की टीम चेन्नई सुपरकिंग्स के सामने शुक्रवार को यहां मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश पिछली सफलता को जारी रखने की होगी। पंड्या कई बार धोनी को अपना मेंटोर बता चुके हैं और पिछले सत्र में शिष्य पंड्या की टीम दो बार गुरु धोनी की टीम को हराने में सफल रही थी।

दूसरी ओर चार बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स धोनी 42 साल के हो चुके है लेकिन कप्तानी के मामले में उनका कोई तोड़ नहीं। शुक्रवार को जब 16वें सत्र का आगाज होगा तो प्रतियोगिता में कई बदलाव देखने को मिलेंगे। 'इंपैक्ट प्लेयर' नियम के कारण मैच में 12 खिलाड़ी खेलेंगे। अपने संसाधनों को बहुत सोच-विचार कर उपयोग करने वाले धोनी अगर जरूरत हुई तो खुद को भी 'इम्पैक्ट प्लेयर' बना सकते हैं।

### गुजरात टाइटन्स

हार्दिक पांड्या (कप्तान), शुम्मन गिल, कोना भरत, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, राहुल तेवतिया, अभिनव मनोहर, मोहम्मद शमी, प्रदीप सांगवान, आर साई किशोर, विजय शंकर, साई सुदर्शन, राशिद खान, शिवम मावी, मैथ्यू वेड, ओडियन स्मिथ, उर्विल पटेल, दर्शन नालकंडे, डेविड मिलर, जोश लिटिल, यश दयाल, जयंत यादव, नूर अहमद, अल्जारी जोसेफ।

### चेन्नई सुपरकिंग्स

महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडु, मोईन अली, बेन स्टोक्स, रविंद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, सिसंडा मगाला, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, ड्वेन प्रिटोरियस, अहय मंडल, निशांत सिंधु, राजवर्धन हैंगरगेकर, मिशेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, मथिसा पथिराना, महेश तीक्षणा, भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, शेख रशीद, तुषार देशपांडे।

## खबर संक्षेप




### भारत को जापान के साथ मिली जगह

नई दिल्ली। भारत को 15 जून से दो जुलाई तक थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए गुरुवार को ग्रुप डी में जापान, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के साथ जगह मिली। ड्रॉ समारोह का आयोजन बैंकॉक में किया गया। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम नॉकआउट चरण में जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीम पेरू में होने वाले 2023 फीफा अंडर-17 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### शुरुआती चरण में नहीं खेल पाएंगे हेजलवुड

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड शुक्रवार से अहमदाबाद में शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती चरण में नहीं खेल पाए। हेजलवुड को टी20 टूर्नामेंट के बाद के चरण में खेलने की उम्मीद है। यह 32 वर्षीय तेज गेंदबाज पैर की चोट से उबर रहा है जिसके कारण वह भारत में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि हेजलवुड आईपीएल में भाग लेने का फैसला करने से पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मेडिकल स्टाफ से सलाह लेंगे। ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का भी बेंगलुरु में दो अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है क्योंकि वह अभी तक पैर की चोट से उबर नहीं पाए हैं।



### उप कप्तानी मेरी कड़ी मेहनत का इनाम

नई दिल्ली। अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स के उप कप्तान की अपनी नई भूमिका को लेकर रोमांचित हैं और उनका कहना है कि पिछले कुछ सत्र में उन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए जो कड़ी मेहनत की है यह उसका पुरस्कार है। अक्षर ने कहा, 'मेरे नजरिए से अगर आपको यह भूमिका मिली है तो इसका मतलब है कि सीनियर खिलाड़ी के रूप में आपने प्रगति की है। यह आपने टीम के लिए जो भी किया है उसके पुरस्कार की तरह हैं।



## शाकिब के वर्ल्ड रिकॉर्ड विकेट बांग्लादेश ने जीती टी20 सीरीज

### आयरलैंड को 77 रन से हराकर बनाई अजेय बढ़त



एजेंसी ▶▶| चटगांव

बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज में जीत हासिल कर ली है। उसने चटगांव में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में मेहमान टीम को 77 रन से हरा दिया। 136 विकेट के साथ शाकिब अल हसन अंतरराष्ट्रीय टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। इस जीत के साथ ही बांग्लादेश ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। उसकी आयरलैंड पर लगातार दूसरी टी20 सीरीज जीत है। इससे पहले 2012 में तीन मैचों में बांग्लादेशी टीम को 3-0 से सफलता हासिल हुई थी।

बारिश के कारण दोनों टीमों के बीच यह मैच 17-17 ओवर का हुआ। आयरलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बांग्लादेश ने 17 ओवर में तीन विकेट पर 202 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड की टीम 17 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। वह पहले मैच में डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 22 रन से हारी थी। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 31 मार्च को चटगांव में खेला जाएगा।

### शाकिब ने रचा इतिहास

*शाकिब ने इस मैच के दौरान 22 रन देकर पांच विकेट लिए। 136 विकेट के साथ वह अंतरराष्ट्रीय टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में न्यूजीलैंड के टिम साउदी (134 विकेट) को पीछे छोड़ा। मैच में तस्कीन अहमद ने तीन विकेट लिए। हसन महमूद को एक सफलता मिली।*

### बांग्लादेश ने की धमाकेदार बल्लेबाज

*बांग्लादेश के ओपनर लिटन दास और रोनी तालुकदार ने टीम को विस्फोटक शुरुआत दिलाई। दोनों ने 9.2 ओवर में 124 रन की साझेदारी कर दी। रोनी तालुकदार 23 गेंद पर 44 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने तीन चौके और दो छक्के लगाए। उनके बाद लिटन दास पवेलियन लौटे। लिटन ने 41 गेंद पर 83 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के उड़ाए। 138 रन पर दो विकेट गिर जाने के बाद कप्तान शाकिब ने तौहीद हिरदॉय के साथ तीसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की। तौहीद 13 गेंद पर 24 रन बनाकर आउट हुए। शाकिब 24 गेंद पर 38 रन और नजमुल हुसैन शांतो एक गेंद पर दो रन बनाकर नाबाद रहे।*

## क्रिस्टिया ने मियामी में सबालेंका को हराया

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स



*सोरेना क्रिस्टिया ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका को मियामी ओपन में सीधे सेट में हराकर एक दशक में पहली बर डब्लूटीए 1000 टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। क्रिस्टिया ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेका को 6-4, 6-4 से हराया। सबालेंका शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं जिन्हें क्रिस्टिया ने शिकस्त दी है। क्रिस्टिया ने इससे पहले इसी महीने इंडियन्स वेल्स में चौथे नंबर की खिलाड़ी कैरोलिन गार्सिया को हराया था और फिर मियामी में भी दूसरे दौर में गार्सिया को शिकस्त दी। पुरुष वर्ग में 11वें नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने एमिल रूसुवोरी को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी।*

## नीतू, स्वीटी सम्मानित, 40-40 लाख रुपए के साथ दिया नौकरी का ऑफर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली







हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली बॉक्सर नीतू घंघास और स्वीटी बूरा से मुलाकात की। सीएम खट्टर ने दोनों विश्व चैंपियन खिलाड़ियों को 40-40 लाख रुपए का चेक और नौकरी का प्रस्ताव देकर सम्मानित किया।

बता दें कि नीतू बीते वर्ष 48 किग्रा का स्वर्ण पदक जीता था, जबकि स्वीटी ने 81+ किग्रा में खिताब हासिल किया था। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को चंडीगढ़ में स्थित अपने आवास संत कबीर कुटीर में नीतू और स्वीटी से भेंट की। सीएम ने प्रत्येक को 40 लाख रुपए का चेक सौंपा और दोनों खिलाड़ियों को हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम के तहत ग्रुप बी की नौकरी का ऑफर लेटर दिया। दोनों खिलाड़ी इस सम्मान को पाकर काफी खुश दिखीं। सीएम ने दोनों विश्व विजेता बेटियों को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बजरंग पावर का गोयल टीएमटी बना राजस्थान रॉयल्स का सह प्रायोजक

▶▶| रायपुर

श्री बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड ने घोषणा की है कि उनका ब्रांड, गोयल टीएमटी, भारत की प्रमुख क्रिकेट लीग के आगामी तीन सत्रों के लिए राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के सहयोगी प्रायोजकों में से एक होगा। गोयल टीएमटी मध्य भारत के सबसे बड़े पूर्ण एकीकृत स्टील में से एक है।

संदीप गोयल, निदेशक, श्री बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड और गोयल टीएमटी ने राजस्थान रॉयल्स के साथ तीन साल के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं। साझेदारी 2021 में हस्ताक्षरित सौदे की निरंतरता है और लीग में ब्रांड के पांचवें वर्ष को चिह्नित करेगी। यह एसोसिएशन टीम की क्षमताओं में उनके भरोसे का प्रमाण है और उनके भरोसे, शक्ति और उनमें विश्वास के मूल मूल्यों को पुष्ट करता है।




### ट्राउजर पर दोनों तरफ दिखेगा लोगो

गोयल टीएमटी ब्रांडिंग अधिकारों और प्रचार गतिविधियों के साथ 2023 लीग सीजन के लिए राजस्थान रॉयल्स टीम के सहयोगी प्रायोजक होंगे। ब्रांड का लोगो टीम के ट्राउजर पर दोनों तरफ दिखाई देगा। जेक लश मैक्करम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ने कहा कि साझेदारी विस्तार प्रेरक है क्योंकि इसका मतलब है कि उन्होंने अपने साथी के लिए भौतिक मूल्य प्रदान किया है। वे गोयल टीएमटी के मार्केटिंग लक्ष्यों को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे और आगे एक सफल सीजन की उम्मीद करेंगे।

### आईओए बिना विलंब किए नियुक्त करे सीईओ

लुसाने। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने भारतीय ओलंपिक संघ से बिना किसी विलंब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नियुक्त करने को कहा है। आईओसी ने इसके साथ ही 140वें सत्र के इस साल मुंबई में आयोजित होने की पुष्टि की। आईओसी ने बुधवार रात यहां अपने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान औपचारिक रूप से आईओए चुनावों के परिणामों को स्वीकार किया। आईओसी से जारी बयान के मुताबिक, 'कार्यकारी बोर्ड ने इस बात का संज्ञान लिया कि छह दिसंबर 2022 को एनओसी चुनाव सफलतापूर्वक हुए और एक नया अध्यक्ष चुना गया। आईओसी ने औपचारिक रूप से चुनावों के परिणामों को स्वीकार किया और यह भी पुष्टि की कि 2023 आईओसी सत्र का आयोजन मुंबई में होगा। एनओसी ने हालांकि अभी तक संविधान के अनुसार नये सीईओ/महासचिव की नियुक्ति नहीं की है।

### विदेशी खिलाड़ियों में डिविलियर्स और नरेन का जलवा

## आईपीएल ने बनाया 'अरबपति' रोहित के नाम 178 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन की शुरुआत 31 मार्च से होने वाली है। दुनिया की सबसे लुभावनी टी20 लीग में पिछले साल की तरह इस बार भी 10 टीमें मशक्कत करती नजर आएंगी। आईपीएल एक ऐसा मंच है जहां खिलाड़ियों को शोहरत तो मिलती ही है, उन पर पैसों की बरसात भी होती है।

आईपीएल में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ियों की बात आती है तो रोहित शर्मा, महेंद्र सिंह धोनी जैसे धुरंधर इस लिस्ट में सबसे आगे हैं। आईपीएल में अब तक सात खिलाड़ियों ने 100 करोड़ या इससे ज्यादा की कमाई की है। आइए आईपीएल में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले टॉप-10 खिलाड़ियों पर एक नजर डालते हैं।

**1. रोहित शर्मा (2008 से 2023)**

| | |
|---|---|
| कमाई | 178 करोड़ |
| मैच | 227 |
| एवरेज | 30.30 |
| रन | 5879 |
| शतक | 01 |
| अर्धशतक | 40 |

**2. एमएस धोनी (2008 से 2023)**

| | |
|---|---|
| कमाई | 176 करोड़ |
| मैच | 234 |
| औसत | 39.20 |
| रन | 4978 |
| अर्धशतक | 24 |

**3. कोहली (2008 से 2023)**

| | |
|---|---|
| कमाई | 173 करोड़ |
| मैच | 223 |
| औसत | 36.20 |
| रन | 6624 |
| शतक | 05 |
| अर्धशतक | 44 |



**4. सुरेश रैना (2008 से 2023)**

| | |
|---|---|
| कमाई | 110 करोड़ |
| मैच | 205 |
| रन | 5528 |
| शतक | 01 |
| अर्धशतक | 39 |

**5. रवींद्र जडेजा (2008 से 2023)**

| | |
|---|---|
| कमाई | 109 करोड़ |
| मैच | 210 |
| रन | 2502 |
| विकेट | 132 |

**6. सुनील नरेन (2012 से 2023)**

| | |
|---|---|
| कमाई | 107 करोड़ |
| मैच | 148 |
| औसत | 25.13 |
| विकेट | 152 |
| रन | 1025 |

**7. एबी डिविलियर्स (2008-2021)**

| | |
|---|---|
| कमाई | 102 करोड़ |
| मैच | 184 |
| औसत | 39.70 |
| रन | 5162 |
| शतक | 03 |
| अर्धशतक | 40 |

**8. गौतम गंभीर (2008-2018)**

| | |
|---|---|
| कमाई | 94 करोड़ |
| मैच | 154 |
| रन | 4217 |

**9. शिखर धवन (2008-2023)**

| | |
|---|---|
| कमाई | 91 करोड़ |
| मैच | 206 |
| औसत | 35.08 |
| रन | 6244 |
| शतक | 02 |
| अर्धशतक | 47 |

## सिंधू, श्रीकांत की मैड्रिड मास्टर्स में शानदार जीत




एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबलों को सीधे गेम में जीत कर मैड्रिड स्पेन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू इस साल पहली बार किसी टूर्नामेंट के अंतिम आठ में पहुंची। उन्होंने महिला एकल के आधे घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वारदानी को 21-16, 21-14 से मात दी। विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने दूसरे दौर के मैच में 49वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हमवतन बी साई प्रणीत को 21-15, 21-12 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त 27 साल की सिंधू चोट से वापसी के बाद लय हासिल करने के लिए जूझ रही है। वह 2023 में पहली बार दूसरे दौर की बाधा को पार करने में सफल रही।



## शानदार करियर बनाना है तो बस इन 5 चीजों पर कीजिए फोकस

अच्छा करियर बनाना सबका सपना होता है लेकिन इसके लिए अलग अलग फेक्टर काम करते हैं। अकेले पढ़ाई से ही काम नहीं चल पाता है। आप कहीं इंटरव्यू देने जाते हैं। आपसे कुछ सवाल पूछे जाते हैं और आपको उन सभी के जवाब बहुत अच्छे से आते हैं लेकिन आप वहां उनके जवाब सही तरीके से नहीं बता पाते हैं तो यह जॉब आपके हाथ से चली जाएगी। तो आज हम आपको कुछ ऐसी ही चीजों के बारे में बता रहे हैं जो आपके बहुत काम की हैं।

**कॉन्फिडेंस**

कॉन्फिडेंस ऐसी चीज है, जो फील्ड में काम आती है। चाहे वह पर्सनल लाइफ हो या फिर प्रोफेशनल लाइफ, दोनों ही हालात में आत्मविश्वास होना जरूरी है। जिसके पास योग्यता के साथ सेल्फ कॉन्फिडेंस है उसे कोई भी हरा नहीं सकता। इसलिए आप पढ़ाई के साथ साथ अलग-अलग एक्टिविटी का भी हिस्सा बनने की कोशिश करें, जिससे कि हर रोज आपकी कॉन्फिडेंस स्किल बढ़ती जाएगी।

**टेक्नोलॉजी ज्ञान**

यह तो सभी जानते हैं कि करियर बनाने में हमेशा ही नई टेक्नोलॉजी की मांग होती रहती है। कोई भी नई तकनीक पुरानी हो जाए इससे पहले ही आप उसे पूरी तरीके से जान लें और अपने ज्ञान को बढ़ाते रहिए। आप जितनी ज्यादा से ज्यादा जानकारी रखेंगे, आपके करियर को बनाने में उसका उतना ही फायदा मिलेगा।

**अपने आप को समझे**

करियर के मार्केट में अपने आपको कीमती समझें और पैसे से बिकने की कोशिश न करें।

अपने टैलेंट और काम पर भरोसा रखें। समय-समय पर अपनी योग्यताओं को लगातार डिवेलप करते रहना चाहिए।

## कैग में असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर कैसे बनें जानें पूरा प्रॉसेस

यूं तो ऑडिट का काम करने के लिए सीए, सीए फर्म और राज्यों में अनेक पदों पर भर्तियां होती हैं लेकिन अखिल भारतीय स्तर पर ऑडिट के लिए भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक से बड़ा संगठन कोई नहीं है। यह संस्था केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाले विभिन्न मंत्रालयों, विभागों आदि के ऑडिट करती है। इसकी रिपोर्ट पर अनेक बार संसद तक में शोर होते हुए देखा गया है।

**इसके लिए पात्रता क्या है?**

**ऐसे करें अप्लाई**

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक कार्यालय में यह बहुत सम्मानजनक पद है। किसी भी युवा को यह अपनी ओर आकर्षित कर सकता है। असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर बनने के लिए कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित SSC CGL परीक्षा देना होगा। इस पद को पाने के लिए आपको SSC CGL परीक्षा के लिए आवेदन के लिए ग्रेजुएशन पहली शर्त है।

विषय के रूप में सांख्यिकी, अर्थशास्त्र या गणित है तो सोने पर सुहागा होगा। अगर ये विषय नहीं हैं तो एमकॉम, सीए, सीएस, एमबीए आदि भी मान्य है। जनरल कैटेगरी के युवा की उम्र 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अन्य कटेगरी के लिए उम्र में निमानुसार छूट का प्रावधान है।

**ये हैं सेलेक्शन प्रोसेस**

सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के आवेदक तीन चरणों में SSC CGL परीक्षा देते हैं। अगले चरण के लिए पहले चरण को क्वालिफाई करना अनिवार्य है। इस परीक्षा में निगेटिव मार्किंग होती हैं।

**प्रश्नपत्र कुछ इस प्रकार होते हैं**

-जनरल इंटेलिजेंस एंड रीजनिंग

-जनरल अवेयरनेस

- Quantitative Aptitude

-English Comprehension

इन चारों में 25-25 सवाल सामने आएंगे। इस तरह कुल सौ सवालों का सामना करना होगा। इसके लिए दो सौ अंक निर्धारित हैं। इस चरण को क्लीयर करने के बाद अगला एग्जाम होगा। इसमें तीन पेपर देने होंगे। इसके बाद Interview की बारी आएगी।

**ऐसे करें अप्लाई?**

इस पद के लिए कर्मचारी चयन आयोग नोटिफिकेशन जारी करता है। इसके लिए वेबसाइट देखते रहें। रोजगार समाचार में भी यह वैकेंसी आती है। जैसे ही वैकेंसी आए, आप अप्लाई कर सकते हैं। असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर, विभागीय ऑडिट के समय सीनियर ऑडिट ऑफिसर की मदद करता है। वेतन-भत्ते की तो पूछिए मत. भारत सरकार के अधिकारी के रूप में आपको सारी सुविधाएं मिलती हैं। देश भर में घूम-घूम कर काम करने का मौका मिलता है। इस पद पर भर्ती होने वाले युवा समय के साथ प्रोन्नति पाकर आगे बढ़ते हुए देखे जाते हैं।

# इंटीरियर डिजाइनिंग के क्षेत्र में आप चुन सकते हैं ये करियर ऑप्शन

आज के समय में लोग जल्द से जल्द अपना करियर सेट करना चाहते हैं और यही कारण है कि इन दिनों शॉर्ट टर्म व डिप्लोमा कोर्स काफी पसंद किए जा रहे हैं। इन्हें आप अपनी कॉलेज की पढ़ाई के साथ-साथ भी कर सकती हैं और फिर जल्द ही अपना करियर भी बना सकती हैं। इन्हीं कोर्स में से एक है इंटीरियर डिजाइनिंग कोर्स। इंटीरियर डिजाइनिंग का कोर्स कंप्लीट करने के बाद अक्सर लोग केवल इंटीरियर डिजाइनर ही बनते हैं। हालांकि, यह एक बहुत वास्ट एरिया है, जिसमें आप कई अलग-अलग क्षेत्र में अपना करियर देख सकती हैं। अगर आपने इंटीरियर डिजाइनिंग का कोर्स किया है और आप अपने लिए करियर के नए ऑप्शन तलाश कर रही हैं तो आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही एरिया के बारे में बता रहे हैं, जिनमें आप अपना करियर सेट कर सकती हैं-





**इंटीरियर डिजाइन फर्म**

भारत में इंटीरियर डिजाइनर्स के लिए बहुत अधिक स्कोप है। खासतौर से, शहरी क्षेत्रों में घर और ऑफिस को डिजाइन करने के लिए इंटीरियर डिजाइनर्स की मदद ली जाती है। नया घर खरीदने के बाद भी अब लोग इंटीरियर डिजाइनर की मदद से उसे एक बेहतर लुक देने की कोशिश करते हैं। नए रेस्तरां और कैफे आदि में भी इंटीरियर डिजाइनरों की आवश्यकता होती है। ऐसे में इस क्षेत्र में आपके पास काम की कमी नहीं होने वाली है। आप अपनी खुद की डिज़ाइनर फर्म शुरू करके खुद को सेट करने में मदद मिलेगी। इस तरह आप एक सैलरी से अधिक कमा सकेंगे।



**प्रोडक्ट डिजाइनर**

इंटीरियर डिजाइनिंग का कोर्स कंप्लीट करने के बाद आप बतौर प्रोडक्ट डिजाइनर भी अपना काम कम कर सकते हैं। इस क्षेत्र में डिजाइनर को अपने क्लाइंट की इच्छा के अनुसार प्रोडक्ट को डिजाइन करना होता है। हालांकि, कई बार क्लाइंट की डिमांड प्रैक्टिकल नहीं होती है और ऐसे में डिज़ाइनर कुछ चेंजेस के जरिए एक प्रोडक्ट को तैयार करवाने में अहम् भूमिका निभाता है। इसमें आपको थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है, लेकिन इसमें आप काफी अच्छी इनकम कर सकती है। अगर आप थोड़ा सा दबाव और तनाव संभालने को तैयार हैं तो प्रोडक्ट डिजाइनर बनना एक सही विकल्प होगा। ध्यान रखें कि एक प्रोडक्ट डिजाइनर को डिफरेंट मैटीरियल्स की काफी अच्छी खासी जानकारी होती है।

**फर्नीचर डिजाइनर**

एक इंटीरियर डिजाइनर होने के नाते आप फर्नीचर डिजाइनिंग में प्रशिक्षित हैं। फर्नीचर एक बहुत बड़ा क्षेत्र है और यह एक आकर्षक करियर ऑप्शन है। आप फर्नीचर डिजाइनिंग के जरिए अपनी क्रिएटिविटी भी दुनिया के सामने ला सकते हैं। चूंकि लकड़ी का काम दुर्लभ होता जा रहा है, इसलिए नए डिजाइनों की आवश्यकता है। नया फर्नीचर प्लास्टिक, मेटल और अन्य मैटीरियल की मदद से बनाया जा रहा है, जिन्हें सावधानीपूर्वक डिजाइन की आवश्यकता होती है। फर्नीचर डिजाइन का काम एक डेस्क जॉब है जिसे कई लोग पसंद करते हैं।

**एक्सबिशन डिजाइनर**

अगर आप इंटीरियर डिजाइनिंग का कोर्स करने के बाद कुछ अलग करना चाहती हैं तो बतौर एक्सबिशन डिजाइनर भी खुद को स्थापित कर सकती हैं। यह इंटीरियर डिजाइनर का एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें एक्सपर्ट म्यूजियम, लाइब्रेरी, गैलरीज व ऐतिहासिक स्थलों में काम करते हैं। इंटीरियर डिजाइनर ने लेआउट और डिजाइन की कला में महारत हासिल की है और वे विशेष रूप से एक म्यूजियम, गैलरी या एक निजी फर्म के लिए काम कर सकते हैं।

# कंप्यूटर खरीदने का बना रहे हैं प्लान तो इन बातों का जरूर रखें ध्यान

समय के साथ तकनीक बहुत ज्यादा विकसित हुई है। सालों पहले आप शायद ही आप कल्पना कर सकते हो लेकिन आज आप अपने हर छोटे-बड़े काम को कंप्यूटर या फोन की मदद से कर सकते हैं। कंप्यूटर के जिंदगी में अहम रोल देखते हुए ही स्कूल में कंप्यूटर सिखाने पर बहुत जोर दिया जाने लगा है। अगर आप भी अपने घर के लिए कंप्यूटर खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो आप कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें।

**सबसे पहले बनाएं बजट**

किसी भी चीज को खरीदने से पहले जरूरी है कि आप बजट निर्धारित करें। बजट तैयार करने के बाद कंप्यूटर खरीदने से आप एक्स्ट्रा खर्च करने से बचेंगे। साथ ही आप बजट के हिसाब से ही अपने लिए बेस्ट प्रोडक्ट का चुनाव कर पाएंगे।

**ऑफर का रखें ध्यान**

कंप्यूटर को खरीदते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आप पहले अलग-अलग ऑफर को एक्सप्लोर करें। आज मार्केट में कई सारी कंपनियां कंप्यूटर बना रही हैं। साथ ही हर कंपनी का ऑफर देने का तरीका भी अलग होता है। ऐसे में आपके बजट के मुताबिक कौन सा कंप्यूटर बेस्ट रहेगा यह जरूर समझें।

**फीचर्स देखें**

कंप्यूटर के हर मॉडल के अलग फीचर्स होते हैं। आपको किस काम के लिए कंप्यूटर खरीदना है और उसके लिए किन फिचर्स की जरूरत होगी उसके दिमाग में रख कर ही कंप्यूटर खरीदें। उदाहरण के लिए अगर आप एडिटींग के लिए कंप्यूटर खरीद रहे हैं तो उन्ही फिचर्स का ध्यान रखें जिसकी जररूत आपको होगी।



**पेमेंट करते वक्त रखें ध्यान**

अगर आप क्रडिट कार्ड से कंप्यूटर की पेमेंट कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि कुछ कार्ड से पेमेंट करने पर आपको बेहतरीन ऑफर मिल सकते हैं।

**खरीदने का समय**

दिवाली जैसे त्योहारों पर आपको कपंनी बढ़िया छूट देती है। ठीक इसी तरह किसी स्पेशल दिन पर खरीदारी करें और एक अच्छी डील में कंप्यूटर खरीदें।

# आइलेट्स की तैयारी के लिए इन टिप्स की जरूर लें मदद

आप अक्सर लोगों को आइलेट्स की तैयारी के बारे में बात करते देखते होंगे। हो सकता है कि आपके बच्चे भी आइलेट्स की तैयारी कर रहे हों। आइलेट्स की परीक्षा ऑस्ट्रेलिया, यूके, न्यूजीलैंड, यूएसए और कनाडा जैसे अंग्रेजी बोलने वाले देशों शिक्षा के लिए जरूरी होती है। भारत में रहने वाले ढेर सारे बच्चे हर साल इस परीक्षा की तैयारी करते हैं। चलिए इस आर्टिकल में जानते हैं कि आइलेट्सकी तैयारी कैसे करनी चाहिए। साथ ही किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

**Ielts का सिलेबस**

Ielts का सिलेबस आसान भी होता है और मुश्किल भी। परीक्षा को 4 भाग में विभाजित किया गया है जिसमें रीडिंग, स्पीकिंग, राइटिंग और लिस्टनिंग शामिल है। इन चारों मुख्य बिंदु के साथ-साथ आपको जर्नल नॉलेज पर भी अच्छी कमांड रखनी चाहिए।

**सबसे पहले पेपर को समझें**

आइलेट्स की परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों के पास 2 घंटे 45 मिनट का समय होता है। इस दौरान रीडिंग, राइटिंग, स्पीकिंग और लिसनिंग जैसे चरण पार करने होते हैं। कोशिश करें कि आप इस फॉर्मेट को समझें और उसी के मुताबिक पेपर की तैयारी करने की कोशिश करें। समय सीमा को दिमाग में रखकर तैयारी करने वाले उम्मीदवारों के लिए आईलेट्स की परीक्षा कलियर करना थोड़ा आसान होता है।



**रोजाना करें प्रैक्टिस**

आइलेट्स समेत किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए जरूरी है कि आप रोजाना अभ्यास करें। लिखने, बोलने और सुनने से समझ आएगा कि आप कहां चुक रहे हैं। स्पीड को बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका भी रोजाना अभ्यास करना है।

**ऑनलाइन फ्री क्लासेस का उठाएं फायदा**

आज आपको ऑनलाइन फ्री क्लासेस के कई विकल्प मिल जाएंगे। यूटयूब समेत कई प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन फ्री क्लासेस दी जाती हैं जहां से आप घर बैठे-बैठे पढ़ाई कर सकते हैं।

**फ्री टेस्ट अटेम्प्ट करें**

सिर्फ तैयारी करने से ही नहीं बल्कि अपनी तैयारी को देखने के लिए टेस्ट भी दें। टेस्ट देने से आपकी तैयारी किस दिशा में जा रही है और आपको कितने तैयारी की जरूरत है या साफ हो जाता है।



## एयर होस्टेस बनने के लिए सिर्फ पढ़ाई नहीं इन शर्तों को भी करना होता है पूरा

एविशन इंडस्ट्री में करियर बनाने का स्कोप दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। इंडिया की एविएशन इंडस्ट्री दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी एविएशन इंडस्ट्री है। यहां एयर होस्टेस से लेकर ग्राउंड स्टाफ और केबिन क्रू तक कई पद पर ज्वॉइन किया जा सकता है। इसके लिए शैक्षिक योग्यता से लेकर एज लिमिट तक क्या पात्रता है और सेलेक्शन होने के बाद सैलरी कितनी तक मिल सकती है।

**ये लोग कर सकते हैं आवेदन**

-एयर होस्टेस बनने के लिए वे कैंडिडेट्स अप्लाई कर सकती हैं जिन्होंने 10 + 2 पैटर्न से 12वीं पास की है या जिनके पास एविएशन में अंडर ग्रेजुएट की डिग्री है।

-इन कोर्स के लिए अप्लाई करने के लिए 17 से 26 साल की युवतियां आवेदन कर सकती हैं।

-कैंडिडेट की हाइट कम से कम पांच फुट दो इंच होनी चाहिए।

-कोर्स के लिए आवेदन करते समय कैंडिडेट अविवाहित होनी चाहिए।

-कैंडिडेट का विजन 6/6 होना जरूरी है। साथ ही जरूरी है कि उम्मीदवार फिजिकली फिट हो।

**ऐसे होगा सेलेक्शन**



एयर होस्टेस पद पर कैंडिडेट्स का सेलेक्शन लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर होता है। कैंडिडेट्स को संबंधित क्षेत्र में ट्रेनिंग दी जाती है। अगर एयर होस्टेस की जिम्मेदारियों की बात करें तो ये पैसेंजर्स की सुविधा का ख्याल रखती हैं। फलाइट के पहले सभी की सिटिंग देखना, पैसेंजर्स को खाना-पानी देना, मेडिकल केयर की जरूरत हो तो वो पहुंचाना, फ्लाइट रिपोर्ट तैयार करना और यात्रियों को सेफ्टी प्रोसीजर आदि समझाना इनका काम होता है।

**कर सकते हैं ये कोर्स**


-एयर होस्टेस बनने के लिए इंडिया में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री कोर्स कर सकते हैं। सर्टिफिकेट कोर्स सामान्य तौर पर 10 + 2 के बाद किया जा सकता है। इनकी अवधि 6 महीने से लेकर 1 साल तक की हो सकती है।

-डिप्लोमा कोर्स भी 12वीं के बाद होता है। हालांकि कुछ कोर्स पीजी डिप्लोमा या पीजी सर्टिफिकेट भी होते हैं। इन्हें ग्रेजुएशन के बाद ही ज्वॉइन किय जा सकता है। इनकी ड्यूरेशन भी 6 महीने से लेकर 1 सल तक ही हो सकती है।

-डिग्री कोर्स की एविएशन इंडस्ट्री में खासी इंपॉर्टेंस है. टिपिकल डिग्री कोर्स तीन साल की अवधि के हो सकते हैं। कुछ जगहों में स्पेशल डिग्री कोर्स कराया जाता है जो दो साल का भी हो सकता है।

**करियर ऑप्शन**

विभिन्न एयरलाइंस में इन्हें अच्छा प्लेसमेंट मिलता है। एविएशन इंडस्ट्री की जरूरत और कैंडिडेट की काबलियत के हिसाब से डोमेस्टिक और इंटरनेशनल एयरलाइंस में कैंडिडेट्स को नौकरी मिलती है। इस क्षेत्र में सफल होने के लिए अनुभव भी मदद करता है। यहां टिके रहने पर सैलरी में अच्छी ग्रोथ मिलती है।



## 12वीं के बाद करें इन एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी

कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के साथ ही स्कूल लाइफ खत्म हो जाती है। इसके बाद अपने करियर को लेकर ज्यादा टेंशन होना स्वाभाविक होता है। 12वीं के बाद सही करियर ऑप्शन चुनना आसान नहीं होता है। इसमें कई तरह की बातों का ख्याल रखना चाहिए। अगर आप बेस्ट करियर ऑप्शन सेलेक्ट करने को लेकर जरा भी स्ट्रेस में हैं तो किसी करियर काउंसलर की मदद ले सकते हैं। 12वीं के बाद सही करियर ऑप्शन चुनते समय भविष्य में उसकी संभावनाओं के बारे में भी सोचकर चलना चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि आपका एक फैसला आपकी लाइफ के लिए गलत साबित हो जाए। इंजीनियरिंग या मेडिकल की फील्ड में करियर बनाने के लिए ये एंट्रेंस एग्जाम देना जरूरी है। भारतीय छात्र 12वीं में मुख्य तौर पर आर्ट, साइंस, मैथ या कॉमर्स स्ट्रीम से बोर्ड परीक्षा देते हैं। इसके बाद वे अपनी रुचि और भविष्य को ध्यान में रखते हुए कॉलेज की पढ़ाई के लिए बेस्ट करियर ऑप्शन का चयन करते हैं। ज्यादातर बच्चे डॉक्टर या इंजीनियर बनने का सपना देखते हैं।

# आईजीएल के बिजनस हेड के द्वारा पिपरौली के छात्रों को कांस्य पदक जीतने पर २६ छात्रों को बैग एवं शिक्षण सामग्री देकर किया सम्मानित




प्रखर गोरखपुर। गिडा स्थित आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने कहा की छात्रों के सवार्गीण विकास के लिए सदैव तत्पर है। इण्डिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरौली के छात्रों को कांस्य पदक जीतने पर २६ छात्रों को बैग एवं शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एस के शुक्ल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की कुछ वर्ष पूर्व जब हमने इस विद्यालय को गोंद लिया था, तह सभी शिक्षक शिक्षकाओं से आशा व्यक्त किया था और राज्य सरकार के कायाकल्प मिशन के अंतर्गत कंपनी द्वारा विद्यालय का कायाकल्प कराया गया था और उच्च तकनिकी के माधयम से शिक्षा देने हेतु समस्त संसाधनों को भी उपलब्ध कराया गया था। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जनप्रिय थानाध्यक्ष गीडा श्री मदन मोहन मिश्रा ने कहा की मैं भी सरकरी स्कूल से पढ़ा हूँ , और जब आप जैसे छात्रों को देखता हु तो पुराने दिनों की यादे तजा हो जाती है, इसके साथ ही उन्होंने कहा आप सब भय मुक्त होकर पढाई करे और किसी भी संसाधन या कोई समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करे और विधिसम्मत पुलिस आपकी सदैव सहायता करेगी और साथ देगी और आईजीएल संस्था के बिजनेस हेड और संस्था के उल्लेखनीय योगदान हेतु सराहना किया। कार्यक्रम में उपस्थिति अतिविशिष्ट अतिथि उप निरीक्षक श्री आलोक राय जी ने सभी छात्रों को बधाई दिया तथा आईजीएल को इस तरह की सेवा भावना एवं शिक्षा में सहयोग हेतु कम्पनी की तारीफ किया। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने कहा की बिजनेस हेड के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में शिक्षा,स्वच्छता ,स्वास्थ्य, रोजगार के क्षेत्र में आईजीएल निरन्तर कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी , और कहा की बच्चों को पढ़ाई के साथ शारीरिक क्रियाओं में भी भाग लेना चाहिए कराटे लड़कियों के लिए खेल होने के साथ साथ आत्म रक्षा के लिए भी एक सुरक्षा कवच के रुप में काम करता है। लड़कियों को इस विधा में जरूर प्रशिक्षण प्रशिक्षण लेना चाहिए। कल देर रात्रि में जवाहर नवोदय के प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट आया तो इस विद्यालय की छात्र उत्सवी सिंह भी प्रवेश परीक्षा में पास होकर विद्यालय का मान बढ़ाया ,जिन छात्रों ने मेडल प्राप्त किया है उनका नाम , इस प्रकार है मंडल में प्रथम स्थान सूरज, संतोषी ,बबली , शिवांगी ,द्वितीय स्थान संजना ,साक्षी ,वैष्णवी और राज्य स्तरीय में बाल क्रीड़ा में सूरज , संतोष ,शिवांगी ,और स्काउट में रितेश ,विकास ,शिवम ,,निखिल ,करण ,शिवा ,पंकज कुमार ,संदीप ,राम आशीष ,शुभम,अर्जुन ,गोलू ,द्रविण ,शिवम , अनीश ,कृष्णा ,नीरज ,ज्ञानिस इत्यादि। प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुमन मणि त्रिपाठी ने सभी बच्चो को आशीष दिया ,और कहा की आईजीएल के बिजनेस हेड का सदैव सहयोग और सुझाव हम सबको मिलता रहता है और विद्यालय परिवार इनके द्वारा मिले इस स्नेहाशीष के लिए हमेषा कृतज्ञ रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों के नाम ,राम मनोहर पांडेय , अशोक यादव ,इन्द्रसेन यादव ,सरोज मल्ल , ऋतू मल्ल ,सुनीता वर्मा ,प्रीती पाल,सुरभि गुप्ता ,कहकशा अंजुम,अनुचर शिवानंद यादव,सहायक प्रबंधक अखिलेश शुक्ल ,आत्मा नंद सिंह ,सब्बीर अहमद।

## सहजनवा नगर पंचायत के लोग प्रदूषण से हुए त्रस्त किए प्रदर्शन



प्रखर गोरखपुर। सहजनवा नगर पंचायत के अगल-बगल बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां बनी हुई है जो केवल प्रदुषण युक्त धुवाँ और कालिग उगल रही हैं ।इस प्रदूषण से लोगों का जीना दूभर हो गया है। कितने की आंखें चली गई कितने इन प्रदूषण युक्त धुवे से विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित होते जा रहे हैं। छतों और घरों में कालीमा भरी जा रही हैं फिर भी फैक्ट्री मालिकों एवं जिम्मेदार अधिकारियों ऊपर जूं तक नहीं रेंग रहा है ।इस संबंध में सहजनवा नगर पंचायत के लोगों ने औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारी को पत्र देकर अवगत कराया।और कहा कि यदि इन प्रदूषण मुक्त नहीं कराया गया तो सहजनवा नगर पंचायत के लोग धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस पर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारी ने लिखित रूप से सूचना दिया कि यह मामला प्रदूषण विभाग का है उनको आप लोग अवगत करावे ।ऐसे जिम्मेदार अधिकारी हैं की जनता का जीवन कहीं भी चला जाए लेकिन कालीमा भरी प्रदूषण के बारे में जरा सा भी सोचने वाले लोग नहीं है और न कोई भी अधिकारी खोज खबर लेने वाला है ।शाम को सफाई करिए सुबह पूरे छत पूरा क्षेत्र कालीमा से सुशोभित हो जाता है नगर पंचायत की सभी जनता विधिवत परेशान रहते हैं । उपर्युक्त सभी प्रदर्शन करने वाले लोगों ने कहा और सभी मातहदों को अवगत भी कराया। प्रदर्शन करने वाले लोगों में धर्मेंद्र, प्रताप सिंह, हंसराज सिंह, अभिनव शाही ,पलक राज सिंह सीमा राज सिंह, शैलेंद्र सिंह, हेमंत कुमार सिंह, शीला देवी ,महेंद्र प्रताप यादव प्रधान प्रतिनिधि, शिवनाथ वीरेंद्र सिंह राधेश्याम चौरसिया श्रीकांत चौरसिया, सर्वेश सिंह ,विकास गौड अभिषेक सिंह, अनूप कुमार दुबे, सविता पांडे ,आकांक्षा चौबे ,आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## अघोर फाउण्डेशन द्वारा चैत्र नवरात्र पर किया गया कन्या पूजन व विदाई

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रामनगर स्थित अघोर फाउण्डेशन अमृत सागर हॉलिस्टिक फार्म पर चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर नव कन्याओं और एक भैरव बाबा का श्रृंगार करके पूजन व विदाई किया गया ` अधारे फाउण्डेशन अमृत सागर हॉलिस्टिक फार्म से गुरु गोपाल राम जी ने कहा कि नव दिन के नवरात्रि अनुष्ठान के आखिरी दिन नव कन्याओं का पूजन करके यह प्रार्थना किया गया कि सभी अपने जीवन में खुसी व स्वस्थ्य रहे और मानसिक प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण व वायु प्रदूषण से दूर रहे` इस कार्यक्रम में महंत जी, तेजबल पाण्डेय, राकेश सिंह, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, बसत गुप्ता, विश्वनाथ, भरत, शिवम, नीलम श्रीवास्तव, प्रमिला सिंह, डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव, बबलू साहनी, राजकुमार, हर्ष वर्धन, प्यारे मोहन दिलीप आदि सभी ने अपना कन्या पूजन में सहयोग प्रदान किया अशोर फाउण्डेशन, अमृत सागर हॉलिस्टिक फार्म, रामनगर का परिसर वैकल्पिक



ऊर्जा से संचालित प्रदूषण मुक्त वातावरण केन्द्र पर व्यक्ति व समाज दोनों के ही स्वास्थ्य-लाभ की दृष्टि से अनुकूल परिवेश उपलब्ध कराना है` परिसर में स्थापित गोशाला में देशी गायों को पाला जाता हैं यह गोशाला शुद्ध दूध एवं जैविक खाद का एक बड़ा स्टोर हैं परिसर में जैविक रिति से ही फलों शाक-सब्जियों, खाद्य फसलो व पशुचारे का उत्पादन होता हैं जबकि परिसर में हरे भरे फलदार एवं छायादार वृक्षों से आच्छादित हैं इसके साथ ही साथ अघोर फाउण्डेशन की मुख्य शाखा महेश नगर सामने घाट में भी कन्या पूजन व कलश विसर्जन का आयोजन किया गया।

## बीच रोड में ऑटो खड़ी कर देने से दैनिक रेल यात्रियों को हो रही परेशानी



प्रखर गोरखपुर। पीपीगंज मुख्यालय 24 किलोमीटर दूर लखनऊ मंडल के पीपीगंज रेलवे स्टेशन के पास बंद समपार फाटक के दोनों तरफ ऑटो को खड़ा करने से दैनिक यात्रियों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बंद रेलवे समपार फाटक के दोनों तरफ ऑटो आड़े तिरछे लगाकर सवारिया भरने लगते हैं। जिनको हटाने के लिए कई बार अभियान चला लेकिन कुछ घंटों के बाद ही फिर से काबिज हो जाते हैं। वही संपर्क सूत्रों से पता चला है कुछ रेल कर्मचारी अपने परिवार के लोगों का ठेला व ऑटो सबसे पहले लगाते हैं ।यहां टेम्पो चालकों की इस कदर अराजकता है कि वह सडक तो दूर बीच सड़क पर टेम्पो खड़ी कर पैसेंजर्स को बैठाते हैं। जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। बड़ी बात तो यह है इसी रास्ते रेलवे के तमाम आला अधिकारियों का दौरा आए दिन होता रहता है पर किसी अधिकारी की नजर इन पर नहीं पड़ती। रेल परिसर में आवंटित रेलवे की दुकान दारो का कहना है की बीच सड़क में आड़े तिरछे ऑटो खड़ा कर देने से दुकानों पर ग्राहक आने से कतराते हैं कुछ बोलने पर ऑटो वाले गाली देते हुए मारपीट करने लगते हैं। कुछ यात्रियों ने बताया रेल प्रशासन अगर इन पर कार्रवाई करती तो जहा यात्रियों को जाम से छुटकारा मिल जाता और शासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर ऑटो चालकों द्वारा पैसेंजर भरने का काम करते हैं।

### प्राथमिक विद्यालय भिटनी में परीक्षाफल वितरण और पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ समापन

प्रखर गोरखपुर। बच्चे भगवान का रूप होते है और उन्हें पढ़ाना पुण्य का कार्य है हमे अपने इन्ही बच्चो में भगवान का दर्शन करना होगा और इनका सर्वांगीण विकास करते हुए इनका शैक्षिक, नैतिक और सामाजिक विकास करना होगा आप सभी अपने बच्चो का विद्यालय में प्रवेश अवश्य कराएं क्योंकि एक शिक्षित व्यक्ति ही राष्ट्र निमार्ता होता है उक्त बातें प्राथमिक विद्यालय भिटनी में परीक्षाफल वितरण और पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी श्री रजनीश कुमार द्विवेदी ने कहा इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा अपने अपने कक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों तथा निपुण लक्ष्य प्राप्त बालक कृष्ण और शिवम को मेडल देकर सम्मानित भी किया गया तथा बच्चों के मनोरंजन के लिए विद्यालय द्वारा आयोजित एक फन मेला का उद्घाटन फीता कटकर किया गया कार्यक्रम का स्वागत भाषण और आभार ज्ञापन विद्यालय की अध्यापिका मेधा दुबे ने किया।

## मैं तो चली आनंद की ओर फिल्म मे सीनियर सिटीजन के संवेदनाओं को प्रदर्शित किया गया है : साधना सिंह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संकटमोचन मन्दिर स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए नदिया के पार फिल्म की प्रसिद्ध अभिनेत्री साधना सिंह उर्फ गुंजा ने बताया कि वह काशी में इन दिनों मैं तो चली अनंत की ओर फिल्म की शूटिंग करने आई हुई है ` फिल्म की शूटिंग पूरी तरह से कंप्लीट हो गई है और मई में ओटीपी पर फिल्म प्रदर्शित की जाएगी उन्होंने बताया कि मैं तो चली आनंद की ओर फिल्म की मुख्य अभिनेत्री मैं हूं तथा इसमें हीरो की भूमिका वाराणसी के ही युगल किशोर सिंह निभा रहे हैं उन्होंने बताया कि यह फिल्म सीनियर सिटीजन के जीवन पर आधारित है और यह बहुत ही सुंदर ढंग से बनी है` फिल्म में सीनियर सिटीजन के एकांकी जीवन को सुंदर ढंग से प्रदर्शित करने के साथ ही फिल्म के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि आप एकांकी जीवन ना जिए समाज से जुड़े, पर्यावरण से जुड़े इससे आपका जीवन खुशियों से भर जाएगा जो संसार में आया है उसको एक न एक दिन जाना ही पड़ेगा लेकिन जो समाज से जुड़ा रहता है उसके लिए समाज हर पल खड़ा रहता है` फिल्म में हीरो की भूमिका निभाने वाले युगल किशोर सिंह ने बताया कि यह फिल्म उनके जीवन पर आधारित है और इस फिल्म के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि आप जीवन में कभी अकेलापन महसूस ना करें अकेले पन्ना जी समाज के साथ जुड़े पर्यावरण के साथ जुड़े प्रकृति में जो हमको दिया है उसके साथ जुड़े तो यह जीवन आपका एकांकी होकर भी पूरे समाज से जुड़ जाएगा और आपका जीवन खुशियों से भर जाएगा` फिल्म के



डायरेक्टर जेपी सिंह है फिल्मओ में जयंत कुमार रैना भूपेश सिंह, दिनेश श्रीवास्तव आदि ने भी अभिनय किया है इस अवसर पर समाजसेवी रमेश मित्र सुनीता सिंह आदि उपस्थित थी।

# हिट अभिनेत्री प्रज्ञा नयन को मिला सिल्वर स्क्रीन वूमेन एचिवर्स एवार्ड

प्रखर गोरखपुर। साउथ इंडियन फिल्मों की धक धक गर्ल कही जाने वाली बिंदास अदाकारा प्रज्ञा नयन को एक बड़ी उपलब्धि उस वक्त हासिल हुई जब साल 2023 के सिल्वर स्क्रीन वूमेन एचिवर्स अवार्ड से उन्हे सम्मानित किया। अभिनय समेत तमाम क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान पर दिए जाने वाले इस पुरस्कार को पाने वाली प्रज्ञा नयन साउथ इंडियन फिल्मों की सबसे कम उम्र में ही यह उपलब्धि हासिल करने वाली अदाकारा बनी है। झारखंड प्रदेश के गिरिडीह में जन्मी प्रज्ञा नयन आज अपने अभिनय क्षमता के बल पर इस पुरस्कार को हासिल की है। साउथ इंडिया की फिल्मों में दमदार अभिनय का लोहा मनवा चुकी बिंदास हीरोइन प्रज्ञा नयन की इस सफलता पर उनके चाहने वाले और लाखों की तादात में प्रशंसकों ने उन्हे टेलीफोनिक माध्यम से और



सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो के जरिए इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दे रहें है। सूरापनाम फिल्म के जरिए साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्रीज में कदम रखने के पहले प्रज्ञा नयन एक सफल मॉडल रह चुकी है। मॉडलिंग की दुनियां से निकल कर साउथ इंडियन फिल्मों में भाग्य आजमाने के लिए उन्होंने सबसे पहले सुरापनाम मूवी साइन किया जो हिट रही। सूरापनाम फिल्म के बाद उन्होंने एक के बाद एक फिल्मों में काम करते हुए साउथ इंडियन फिल्मों की दुनियां में धमाल मचा दिया। उनकी कामयाबी ने जब शोर मचाया तब प्रतिष्ठित पुरस्कारों की इस श्रृंखला यानी सिल्वर स्क्रीन वूमेन एचिवर्स एवार्ड के जूरी सदस्यों ने उनके नाम पर मोहर लगाते हुए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार वितरण के रंगारंग कार्यक्रम के दौरान दिग्गज और कई भाषाओं की तकरीबन 700 से ज्यादे फिल्मों का अनुभव रखने वाले सुमन तलवार ने प्रज्ञा नयन को शील्ड ट्राफी और प्रशस्ति पत्र देकर जब सम्मानित किया तब चारो तरफ तालियों की गड़ गड़ाहट गूंज उठी। इस दौरान अभिनेत्री प्रज्ञा नयन काफी खुश दिखी। खुद की कामयाबी का श्रेय माता पिता और मित्रों को देने के साथ अभिनेत्री प्रज्ञा नयन ने उन सभी के प्रति आभार जताया जिन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने में उनकी मदत की। इस दौरान प्रमुख रूप से रेणुका प्रसाद, बामहरीश, लल्लरी वेणु समेत तमाम जानी मानी हस्तियां कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे।

## ब्रेथ ईजी परिवार ने काशी आगमन पर लक्ष्मण आचार्य का किया भव्य स्वागत



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल अस्सी वाराणसी एवं ब्रेथ ईजी मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल रामनगर के वरिष्ठ श्वांस, एलर्जी एवं टी.बी रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.के पाठक ने सिक्किम के नव नियुक्त राज्यपाल महामहिम लक्ष्मण आचार्य का अपने गृह जनपद रामनगर वाराणसी में भव्य स्वागत किया क डॉ पाठक ने बताया महामहिम राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य जी पदभार ग्रहण करने के पश्चात पहली बार हम लोगो से मिलने रामनगर आए है` डॉ पाठक ने ये भी कहा जब जमीनी, ईमानदार और कमजोर तबके से ताल्लुक रखने वाला जन प्रतिनिधि, महामहिम के पद पर सुशोभित होता हैं, तो इसका मतलब देश सच में तरक्की की राह पर अग्रसर हो रहा हैं डॉ पाठक ने बताया महामहिम राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य जी के प्रथम वाराणसी आगमन पर जनता और जनप्रतिनिधियों ने रास्ते भर सैकड़ों स्वागत द्वार, होर्डिंग एवं जगह- जगह ढ़ोल नगाड़ों के साथ अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया हैं` जनतंत्र में राजनेताओं का अभिनंदन बेमिसाल जलसे का शक्ल प्रायः ले लेता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद मनोज तिवारी का डा० अशोक राय ने किया अभिनन्दन भेंट किया रामायण मनका का पुस्तक



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी आगमन पर भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी का लक्ष्मी हास्पिटल के प्रबंध निदेशक व भाजपा काशी क्षेत्र के चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डा० अशोक राय ने अंगवस्त्र एवं राम नवमी के शुभ अवसर पर रामायण मनका का पुस्तक देकर अभिनंदन किया` मनोज तिवारी के साथ में प्रमुख रूप से अतुल सिंह, प्रभुनाथ राय दाढ़ी, राजीव और शरद उपस्थित रहे।

### रामनवमी पर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



प्रखर अहरौरा, मिजार्पुर। विश्व हिन्दू परिषद अहरौरा नगर की ओर से श्रीराम नवमी के शुभ अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद अहरौरा नगर अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति के नेतृत्व में दिन गुरुवार को भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा रथ पर श्रीराम चन्द्र और हनुमान जी एवं भारत माता रथ पर सवार होकर डीजे की धुन पर भक्तगण सत्यानगंज में स्थित मोहल्ला (राधा कृष्ण मन्दिर) प्रारंभ होकर पूरे नगर भ्रमण किये। इस शुभ अवसर पर शोभा यात्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष अहरौरा महेन्द्र सिंह अग्रहरी, निवर्तमान सभासद आनंद अग्रहरि, राघवेंद्र प्रताप सिंह, सिद्धार्थ अग्रहरि, विनोद पटेल, कृष्णा तिवारी, उमेश केशरी, अखिलेश कुमार, विवेक कुमार, विकास चन्द्र अग्रहरि, बजरंग दल नगर संयोजक पंकज सोनकर, रामसेवक, संजय जायसवाल, रोशन अग्रहरि, त्रिलोकी केशरी, जितेन्द्र अग्रहरि, आशीष अग्रहरि, जयकिशन जायसवाल के साथ सैकड़ो रामभक्त शामिल रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी निरीक्षक अहरौरा कुमुद शेखर सिंह और नगर चौकी प्रभारी इंद्रजीत सिंह यादव, एसआई सदानन्द मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

### चलती ट्रक में पीछे से घुसा बाईक सवार की मौत

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर वृहस्पतिवार को चलती ट्रक में पीछे से जा घुसा बाइक सवार जिसकी मौत हो गई प्राप्त जानकारी अनुसार वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर अहरौरा थाना क्षेत्र के चित्त विश्राव के पास चलती ट्रक में बाइक सवार रिंकू पुत्र नन्दू उम्र 35 वर्ष निवासी कल्यानीपुर जा घुसा जिसमे गम्भीर घायल हो गया मौके पर राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस मंगाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया तब तक पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस डॉक्टर द्वारा रिंकू को मृत घोषित किया मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई तक तक मृत परिवार के लोग अस्पताल पहुचे माँ भाई पत्नी का रो रो कर बुरा हाल रहा मृतक का एक वर्ष पहले ही शादी हुआ था।

### लघु काशी में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव की धूम गुंजे मंगल गीत



प्रखर गोरखपुर। खजनी क्षेत्र रुद्रपुर में हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी पर भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। राम नवमी का पावन पर्व 30 मार्च को है। श्री राम नवमी को बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमीपर भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया लघु काशी रुद्रपुर में मां काली के स्थान पर बिगत 22 बर्षो से हो रहा है। रामजमोत्सव कार्यक्रम में गायक स्वेता सिंह के गीतों से स्त्रोत मनमुग्ध हो गए मां काली के स्थान पर नौ दिवसीय मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री का जन्मोउत्सव के अंतिम दिन आयोजित कार्यक्रम में रुद्रपुर खजनी क्षेत्र रहने वाले आकाशवाणी व दूरदर्शन के कलाकरों के लोकगीत सोहर गीत के प्रस्तुति से झूम उठे ,और पूरा आसमान कार्यक्रम के प्रस्तुति से राममय हो गया । रुद्रपुर के मा काली के स्थान पर बिगत नौ दिनों से सन्चालित कार्यक्रम के अंतिम दिन भगवान राम जन्मोत्सव बड़े धूम धाम से मनाई।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779, +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं